तापमान

अधिकतम 31.2 डिग्री

न्यूनतम 25.4 डिग्री

हरिभूमि

# रायपुर भूमि

रायपुर, बुधवार 20 अगस्त 2025

14 आरटीई में नारायणपुर अव्वल, मात्र 13 सीट...



14 अवैध निर्माण और प्लाटिंग पर चला नगर निगम का...



# दवा असरहीन...कृमिनाशक एल्बेंडाजोल की पांच बैच पर बैन, बच्चों को दी जानी थी खुराक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

इस बार कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल की दवा, गोदाम को वापस करने सीजीएमएससी ने रायपुर और बलौदाबाजार के हेल्थ सेंटरों को सर्कुलर जारी किया है। अस्पतालों में आने वाले मरीजों के साथ राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत चलाए जाने वाले अभियान के तहत स्कूलों और आंगनबाड़ी में छोटे बच्चों को भी इसकी खुराक दी जाती है।

पैकेजिंग में गड़बड़ी के साथ इसके असरहीन होने की शिकायत मिलने पर पांच बैच के स्टाक पर प्रतिबंध लगाया गया है। सीजीएमएससी के माध्यम से सरकारी अस्पतालों में सप्लाई की जाने वाली दवाओं की शिकायत मिलने का दौर जारी है। अब तक दर्जनभर से ज्यादा दवाओं, उपकरण और अन्य सामग्री को वापस दवा गोदाम भेजने का सर्कुलर जारी किया जा चुका है। निम्नस्तर होने की लगातार शिकायतों के बाद सरकारी दवाओं से आम लोगों का विश्वास कम होता जा रहा है। इस बार राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम में उपयोग होने वाली कृमिनाशक दवा पर सवाल खड़ा हो गया है। सीजीएमएससी के ड्रग वेयर हाउस द्वारा आंबेडकर, डीके अस्पताल के साथ रायपुर और बलौदाबाजार के जिला अस्पताल और तमाम हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर से ड्रग कोड डी-12 की पांच बैच की दवाओं का उपयोग बंद कर मौजूदा स्टाक ▶▶ शेष पेज 13 पर

## रायपुर एवं बलौदाबाजार के हेल्थ सेंटरों और अस्पतालों को सीजीएमएससी का सर्कुलर

अलग खबर

### अगले महीने अभियान

स्वास्थ्य विभाग राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत हर 6 महीने में कृमिमुक्त अभियान चलाता है। इसके तहत स्कूलों के साथ आंगनबाड़ी सहित विभिन्न स्थानों में शिविर लगाकर छोटे बच्चों को कृमिनाशक दवा खिलाई जाती है। इस अभियान में भी एल्बेंडाजोल टेबलेट का ही उपयोग किया जाता है। अगले माह यानी 19 सितंबर को अभियान चलाने के लिए आने वाले दिनों में तैयारी की जानी है।

■ असरहीन होने की शिकायत स्वास्थ्य केंद्रों में भेजे गए पांच बैच पर लगाई गई रोक



सरकारी अस्पतालों की दवाओं में शिकायतें, डिपो में वापसी के बाद ठंडी पड़ी जांच

### पैरासिटामोल के बाद कृमिनाशक दवा

सीजीएमएससी द्वारा कृमिनाशक दवा के पहले पैरासिटामोल की टेबलेट को वापस मंगाया गया था। इस दवा में फंगस होने की शिकायत थी। इसके पहले खून पतला करने की दवा, मिर्गी का झटका रोकने वाली टेबलेट सहित अन्य तरह की दवा, ग्लूकोज चढ़ाने उपयोग की जाने वाली स्ट्रिप, जंग लगी सर्जरी ब्लेड और चक्कर आने की शिकायत पर एक कंपनी की ग्लूकोज के उपयोग पर भी पाबंदी लगाई गई थी।

श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

31 दिसंबर तक बढ़ाई गई रिफंड की अवधि, लाखों आवेदन लंबित

# सहारा में 25 लाख निवेशकों के 20 हजार करोड़ रुपए फंसे, इनमें अब तक 80 करोड़ ही रिफंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

सहारा इंडिया में छत्तीसगढ़ से 25 लाख से ज्यादा निवेशकों का 20 हजार करोड़ रुपए से अधिक पैसे फंसे हुए हैं। इन फंसे पैसों को निवेशकों को लौटाने के लिए केंद्र सरकार ने सहारा रिफंड पोर्टल शुरू किया है। इस पोर्टल के माध्यम से निवेशकों को ऑनलाइन आवेदन करने तथा निवेश से संबंधित दस्तावेज के आधार पर 10 हजार रुपए से लेकर 50 हजार रुपए तक राशि लौटाई जा रही है, लेकिन जिस तरह से निवेशकों ने आवेदन किए हैं, उसके अनुसार राशि लौटाई नहीं जा रही है। इधर रायपुर के सहारा इंडिया के एक शाखा प्रबंधक ने बताया कि छत्तीसगढ़ में लगभग 20 हजार निवेशकों को करीब 80 करोड़ रुपए की राशि लौटाए जाने की जानकारी उन्हें मिली है। यह आंकड़ा बताता है कि प्रदेश में निवेशकों के जितने पैसे डूबे हैं, उसकी तुलना में रिफंड एक प्रतिशत भी नहीं हुआ है।

हरिभूमि लगातार

### 1 करोड़ 35 लाख से ज्यादा आवेदन, 27 लाख से ज्यादा निवेशकों को 5139.23 करोड़ रिफंड

सहारा इंडिया रिफंड पोर्टल के माध्यम से 29 जुलाई 2025 की स्थिति में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों से 1 करोड़ 35 लाख 34 हजार 410 निवेशकों ने आवेदन किए हैं। इन आवेदनों में से अब तक 27 लाख 33 हजार 520 निवेशकों को कुल 5139.23 करोड़ रुपए की राशि लौटाई गई है। यह राशि 10 हजार रुपए से लेकर 50 हजार रुपए तक उनकी जमा पूंजी के मिले दस्तावेजों के आधार पर लौटाई गई है।



### देशभर से 13 करोड़ से ज्यादा निवेशकों के पैसे फंसे हुए

सहारा इंडिया की 127 कंपनियों के अंतर्गत विभिन्न स्कीमों में देशभर से 13 करोड़ से ज्यादा निवेशकों ने अपने पैसे निवेश किए थे। इनमें छत्तीसगढ़ से 25 लाख से ज्यादा निवेशक हैं, जिन्होंने अपनी जमा पूंजी को सहारा में जमा कराया था। इन निवेशकों को डूबे पैसे लौटाने के लिए सहारा इंडिया रिफंड पोर्टल में देशभर से अभी तक की स्थिति में करीब डेढ़ करोड़ निवेशकों ने आवेदन किया है, जिनमें छत्तीसगढ़ से भी करीब 15 से 20 लाख लोगों ने आवेदन किए हैं। इनमें से अभी तक मात्र 20 हजार निवेशकों को ही उनके जमा पैसों में से कुछ प्रतिशत ही राशि वापस मिल पाई है।

### चार कोऑपरेटिव सोसाइटियों के अलावा दूसरे सभी आवेदन रिजेक्ट

रिफंड पोर्टल रिफंड के माध्यम से सहारा क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटी, स्टार्स मल्टीपर्पस कोआपरेटिव, सहारियन यूनिवर्सल मल्टीपर्पस कोआपरेटिव एवं हमारा इंडिया क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटियों के अंतर्गत स्कीमों में जमा कराने वाले निवेशकों को ही पैसे लौटाए जा रहे हैं, जबकि इसके अलावा सहारा इंडिया ग्रुप में सहारा इंडिया कमर्शियल कार्पोरेशन लिमिटेड, सहारा इंडिया फाइनेंशियल कापोरेशन लिमिटेड प्रोडक्ट रेंज लिमिटेड, सहारा क्यू शॉप यूनिक, सहारा क्यू, शॉप रेंटल, सहारा गॉल्ड मार्ट, हेल्थोरियम (क्रिप्टो क्वाइन स्कीम ऑनलाइन) के अंतर्गत भी विभिन्न स्कीमों में लाखों-करोड़ों लोगों ने पैसे निवेश किए हैं। इन सोसाइटियों की स्कीमों में निवेश करने वाले निवेशकों के आवेदन रिजेक्ट कर दिए गए हैं।

### सीआरसीएस को अपूर्ण डेटा थमाने के कारण भी नहीं मिल रहा रिफंड

सहारा रिफंड पोर्टल के माध्यम से आवेदन तो लिए जा रहे हैं, लेकिन आवेदकों के दस्तावेजों में कमियां बताकर उन्हें रिजेक्ट कर दिया जा रहा है। इसके कारण निवेशकों को पैसे भी नहीं मिल पा रहे हैं। सहारा पीड़ित जमाकर्ता-कार्यकर्ता कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह राजपूत ने बताया कि सहारा सोसाइटियों के प्रबंधन द्वारा सीआरसीएस को सत्यापन कर जो डेटा दिया गया है, वह अपूर्ण है। प्रबंधन द्वारा डेटा को बदल दिया गया है। यही कारण है कि पोर्टल भी पारदर्शी नहीं है। उन्होंने बताया कि पोर्टल में कई प्रकार की खामियां हैं।

### 31 दिसंबर तक बढ़ाई गई रिफंड करने की तारीख

सहारा समूह सहकारी समितियों के खाते में अभी भी 523.72 करोड़ रुपए की राशि जमा है। यह राशि निवेशकों को लौटाई जानी है। इसके लिए आवेदन करने वालों को राशि वापस करने की अंतिम तारीख बढ़ाकर 31 दिसंबर 2025 तक किया गया है।

# चैतन्य बघेल स्पेशल कोर्ट में पेश, 23 तक ईडी रिमांड पर भेजा



शराब घोटाले को लेकर ईडी ने चैतन्य की पांच दिन के लिए मांगी रिमांड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल को मंगलवार को रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की मांग पर चैतन्य को 23 अगस्त तक ईडी रिमांड पर भेज दिया है। चैतन्य को प्रदेश के बहुचर्चित शराब घोटाला एवं मनी लांड्रिंग के मामले में गिरफ्तार किया गया है। रिमांड के दौरान अब चैतन्य से पूछताछ कर ईडी और कई नए तथ्यों के साथ इन दोनों मामलों से जुड़े अन्य लोगों का भी पता लगाने का प्रयास करेगी।

### 20 जुलाई को हुई थी गिरफ्तारी

ईडी ने चैतन्य को शराब घोटाला एवं मनी लांड्रिंग के मामले में 18 जुलाई को भिलाई स्थित उनके निवास से गिरफ्तार किया था। इसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश कर 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर भेजा गया था। इसके बाद से वे जेल में बंद हैं। न्यायिक रिमांड खत्म होने के बाद चैतन्य को 18 जुलाई को कोर्ट में पेश किया गया था, लेकिन शोक सभा होने के कारण इस दिन सुनवाई नहीं हो पाई, इसलिए चैतन्य को 19 अगस्त को कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में पेश करने से पहले ही ईडी ने चैतन्य को रिमांड पर लेने के लिए अर्जी लगा रखी थी। ईडी ने इस अर्जी में दावा किया है कि चैतन्य से पूछताछ में और कई नए तथ्य मिल सकते हैं। इन तथ्यों के आधार पर ईडी ने 5 दिनों की रिमांड मांगी थी, जिसे कोर्ट ने मंजूरी दे दी। हालांकि कोर्ट की मंजूरी के पूर्व ईडी की अर्जी पर बचाव पक्ष के वकील ने रिमांड के विरुद्ध दलील भी पेश की, लेकिन यह दलील काम नहीं आई। कोर्ट ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए ईडी की अर्जी मंजूर करते हुए चैतन्य को रिमांड पर भेजने का फैसला सुनाया।

## खबर संक्षेप



### पांच चाकू, दो वॉकी-टॉकी बरामद, एक गिरफ्तार

**रायपुर।** एंटी क्राईम एंड साइबर यूनिट की टीम ने एक युवक को 5 बटनदार चाकू एवं दो वॉकी-टॉकी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 19 अगस्त को खमतराई थाना क्षेत्र के रामेश्वर नगर भनपुरी के पास इमरान अंसारी निवासी रामेश्वर नगर खमतराई को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से एक बैग बरामद किया, जिसकी तलाशी लेने पर उसमें बटनदार 5 चाकू एवं 2 वॉकी-टॉकी मिले। पूछताछ पर आरोपी ने बताया कि ऑनलाइन शॉपिंग साइट से चाकू मंगाए थे। इन चाकुओं के अलावा उसने 4 और चाकू मंगाए हैं, जिसकी डिलीवरी होनी बाकी है। इमरान के पास वॉकी-टॉकी कहां से आए, इसकी जांच की जा रही है। पुलिस ने ऑनलाइन शॉपिंग साइट तथा डिलीवरी पार्टनर को भी नोटिस जारी किया है।

### मारपीट का वीडियो वायरल, थाने में शिकायत

**रायपुर।** एक नाबालिग लड़के के साथ एक प्रेमी जोड़े ने मारपीट की जिसका वीडियो वायरल हुआ है। यह घटना शांति विहार डगनिया क्षेत्र में हुई है। मारपीट का वीडियो वायरल होने के कई घंटे बाद इस मामले में डीडीनगर थाने में पीड़ित लड़के ने शिकायत की है। थाना प्रभारी ने बताया कि शिकायतकर्ता नाबालिग है। उसने शिकायत में बताया कि एक नाबालिग लड़का एवं उसकी कथित प्रेमिका घटनास्थल पर खड़े थे। अचानक लड़की का प्रेमी उसके पास आया और मेरी प्रेमिका को घूर कर क्यों देख रहे हो, कहकर उसके साथ विवाद करने लगा। इसके बाद लड़की और लड़का दोनों ने मिलकर उसके साथ गाली-गलौज कर मारपीट की। पुलिस ने इस शिकायत पर मामले को जांच में लिया है।

### भाई-बहन से मारपीट गाली-गलौज, केस दर्ज

**रायपुर।** गंज पुलिस ने मारपीट के मामले में एक युवक के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 18 अगस्त को दोपहर 12 बजे फाफाडीह की है। प्रार्थिया नाबालिग है। उसने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके बड़े पिता के लड़के ने पारिवारिक विवाद पर उसे और उसके भाई से गाली-गलौज कर मारपीट की, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले में आरोपी के विरुद्ध बीएनएसः 296, 115-2, 351-2 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

# शहर में दोपहर और रात में हुई झमाझम बारिश बस्तर के कई इलाके डूबे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

काफी इंतजार के बाद मंगलवार को शहर में अच्छी बारिश हुई। सुबह से छाए बाद दोपहर में काफी देर तक जोरों से बरसे, इसके बाद रात होते ही झमाझम बारिश का दौर शुरू हो गया। पिछले चौबीस घंटे में बस्तर में भारी से अतिभारी बरसात के कारण कई इलाके पानी में डूब गए हैं।



शहर में मंगलवार को बरसात का माहौल सुबह से बनता दिख रहा था। छाए बादलों से बूंदाबांदी की स्थिति बनती रही और दोपहर होने के बाद बादल इतने काले हो गए कि लोगों को दिन में गाड़ियों की हेडलाइट जलाकर आवाजाही करनी पड़ी। इस बीच पूरा माहौल बन गया और लगभग घंटेभर अच्छी बारिश हुई। जमकर पानी गिरने की वजह से उमस की ▶▶ शेष पेज 13 पर

# 10वीं की दूसरी परीक्षा में बैठे थे 37 हजार छात्र, सिर्फ 32% हो सके उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

माध्यमिक शिक्षा मंडल ने द्वितीय मुख्य परीक्षा के परिणाम मंगलवार को जारी कर दिए। हाईस्कूल और हायरसेकंडरी, दोनों ही कक्षाओं में उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों की संख्या 50% तक भी नहीं पहुंच सकी है। दसवीं के परिणाम 32.15% तो बारहवीं के 49.17% रहे हैं। माशिम द्वारा प्रदेश में 10वीं-12वीं की पूरक परीक्षा के स्थान पर जून-जुलाई में दूसरी बार मुख्य परीक्षा वर्ष 2024 से शुरू की गई है। पहली मुख्य परीक्षा हर साल ▶▶ शेष पेज 13 पर

■ 12वीं के परिणाम रहे 49.17% माशिम ने जारी किए नतीजे

### दसवीं : प्रथम श्रेणी से 6 गुणा द्वितीय श्रेणी में

हाईस्कूल की द्वितीय परीक्षा के लिए 39,583 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था। इनमें से 37,527 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 19,622 बालक और 17,905 बालिकाएं सम्मिलित हुईं। 37,524 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। 32.15% परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें से 36.17% बालिकाएं और 28.47% बालक उत्तीर्ण हुए। प्रथम श्रेणी में 1,564 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए, द्वितीय श्रेणी में 9,325 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए और तृतीय श्रेणी में 1,176 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। 3 परीक्षार्थियों के परिणाम नकल प्रकरण के कारण रोके गए हैं।

### बारहवीं : लड़कियां रहीं आगे

हायरसेकंडरी में 35,765 परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया था। 34,059 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें से 17,348 बालक और 16,711 बालिकाएं सम्मिलित हुईं। 34,055 परीक्षार्थियों के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए। 49.17% परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए, जिनमें से 50.04% बालिकाएं और 48.33% बालक उत्तीर्ण हुए। प्रथम श्रेणी में 4,781 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए, द्वितीय श्रेणी ▶▶ शेष पेज 13 पर

एसएसपी लाल उमेद सिंह ने जारी किया फरमान

# बगैर हेलमेट वाहन बेचने पर शो रूम संचालकों पर होगी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पुलिस प्रशासन लगातार दोपहिया वाहन चालकों की सेफ्टी के मद्देनजर हेलमेट को अनिवार्य करने की दिशा में कार्य कर रहा है। इस दिशा में मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उम्मेद सिंह ने जिलेभर में संचालित दोपहिया विक्रेता शोरूम संचालकों के लिए आदेश जारी किया है। इसके तहत कोई भी संचालक अगर दोपहिया वाहन को बिना हेलमेट के बेचेगा, तो उसके विरुद्ध ▶▶ शेष पेज 13 पर

खास खबर

### शोरूम संचालकों को पत्र जारी

एसएसपी ने आदेश जारी कर जिले में संचालित सभी दोपहिया बिक्रेता शो रूम को पत्र भी लिखा है। इस पत्र में सभी शोरूम संचालकों को वाहन बेचने के दौरान अनिवार्य रूप से हेलमेट भी अनिवार्य रूप से विक्रय करें, ताकि वाहन लेने वाला व्यक्ति हेलमेट पहनकर ही शोरूम से निकले।





### 7 माह में 190 मौतें, इनमें ज्यादातर सिर पर चोट लगने से हुई

रायपुर पुलिस के अनुसार जिले में पिछले सात महीनों में 190 दोपहिया वाहन चालकों की सड़क दुर्घटना में मौत हुई है। ये आंकड़े बताते हैं कि हेलमेट सुरक्षा की दृष्टि से कितना जरूरी है, क्योंकि ज्यादातर मौतें सिर पर गंभीर चोट लगने से होती हैं। एसएसपी ने यह आदेश जारी कर आम लोगों से भी अपील की है कि वे बिना हेलमेट पहने वाहन नहीं चलाएं, क्योंकि हादसा कभी भी किसी भी समय में हो जाता है। हादसे के दौरान अगर हेलमेट धारण रहेगा तो सिर पर चोट लगने का खतरा भी नहीं रहेगा और जान बच सकती है।

### सिर पर चोट लगने से होने वाली मौत पर रोक लगाने के उद्देश्य से आदेश जारी

राजधानी रायपुर सहित जिले के कई क्षेत्रों में बिना हेलमेट लगाए वाहन चलाने के दौरान सड़क हादसों में चालकों की होने वाली मौत का आंकड़ा कम करने एवं रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन दोपहिया वाहन चालक को हेलमेट पहनने के लिए जागरूकता अभियान चलाया जाता रहा है, लेकिन इसके बाद भी वाहन चालक हेलमेट पहनने के प्रति जागरूक नहीं हो रहे हैं और घर से बगैर हेलमेट पहने वाहन लेकर निकल रहे हैं। जिले में स्थिति यह थी कि आम लोगों के अलावा पुलिस विभाग के कई अधिकारी, कर्मचारी सहित उनके परिवार ▶▶ शेष पेज 13 पर




हमारे बड़े भैया
श्री रुपनारायण सिन्हा जी
माननीय अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ योग आयोग
को
जन्मदिन की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री रुपनारायण सिन्हा जी
माननीय अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ योग आयोग
20th AUGUST
समस्त राष्ट्रभक्त एवं शुभचिन्तकगण, रायपुर (छ.ग.)

# राखी के लिए मायके गई स्वाति की डूबने से मौत बना रहस्य, जांच जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| आरंग

नेशनल हाइवे 53 स्थित महानदी पुल से कूदने का मामला मंगलवार को दर्दनाक मोड़ पर पहुंचा, जब पुलिस ने 27 वर्षीय स्वाती त्रिवेदी का शव राटाकाट गांव के पास नदी किनारे मन्दिर के पास झाड़ियों में बरामद किया। इधर पुलिस ने शव को निकालकर पोस्टमार्डम के लिए भेज दिया है। बताया जाता है कि ग्राम पारागांव निवासी नरेश दुबे की लड़की स्वाति का विवाह 2 साल पहले भैरव नगर सन्तोषी नगर निवासी अजय शंकर त्रिवेदी से हुई थी। मृतिका के ढाई महीने की बच्ची भी है। स्वाति रक्षाबंधन मनाने मायका पारागांव आई थी। रविवार को पति उनसे मिलने आये थे व उसी दिन वापस लौट गए। स्वाति की रहस्यमयी मौत चर्चा का विषय बना है। पुलिस की विवेचना जारी है।

## हादसे से एक दिन पूर्व पति अजय शंकर गया था ससुराल





बता दे शव बरामदगी स्थल से महानदी पुल की दूरी लगभग 3 किमी है। इधर पुलिस ने निसदा डैम का गेट बंद कर रेस्क्यू चालू किया लेकिन सोमवार को लशा का पता नही चला। दूसरे दिन महानदी में पानी कम होने के बाद मंगलवार को लशा झाड़ियां में तैरते हुए लटकी मिली। इधर सोमवार को ही रेस्क्यू के दौरान मिली दूसरी महिला की लशा की शिनाख्त महासमुंद जिले के ग्राम बेमचा गांव निवासी चम्पा चन्द्राकर पति स्व. बाबुलाल चंद्रकार उम्र 78 वर्ष के रूप में हुई है जो 15 अगस्त को घर से बिना बताए निकली थी जिनकी सूचना महासमुंद थाना को दी गई थी। इधर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार स्वाती सोमवार सुबह करीब 5 बजे अपने मायके पारागांव से स्कूटी पर निकली थी। उसने अपनी महज ढाई माह की बच्ची को मायके में छोड़ दिया था। इसके बाद उसकी स्कूटी और दुपट्टा महानदी पुल पर मिलने से सनसनी मच गई। गोताखोरों और पुलिस ने लगातार रेस्क्यू अभियान चलाया और मंगलवार को स्वाती का शव नदी किनारे झाड़ियों में तैरता मिला। थाना प्रभारी ने कहा "स्वाती की आत्महत्या के पीछे की परिस्थितियों का पता लगाया जा रहा है। दोनों ही मामलों में हर पहलू की गहन जांच की जाएगी।

## खबर संक्षेप



### तिल्दा में सितंबर मे होगी नेशनल लोक अदालत

**तिल्दा नेवरा।** आगामी 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के आदेश अनुसार छत्तीसगढ़ विधि के सेवा प्राधिकरण बिलासपुर एवं जिला अध्यक्ष विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर के निर्देशानुसार 13 सितंबर को नेशनल लोक अदालत शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमें तिल्दा नेवरा व्यवहार न्यायालय में भी उक्त लोक अदालत में सिविल प्रकरण, मोटरयान संबंधित प्रकरण, बैंक लोन प्रकरण, विद्युत विभाग से संबंधित प्रकरण सहित विविध प्रकरणों का आपसी निराकरण किया जाएगा। उक्त जानकारी पैरालीगल वालीयेंटर्स रिखी राम वर्मा द्वारा दी गई।

### नवनिर्मित यादव भवन को किया लोकार्पित

**सिलयारी।** सिलयारी ग्राम पंचायत में कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व में सतनारायण पुजा कर यादव समाज का भवन लोकार्पण किया गया इस कार्यक्रम में राकेश यादव भाजपा मंडल अध्यक्ष धरसीवां जिला पंचायत सदस्य सरोज चन्द्रवंशी ग्राम पंचायत कुरूद सिलयारी सरपंच रूखमणी साहू के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ समाज के सभी यादव परिवार ने इस मैं शामिल होकर समाजिक रुप से अपना भागीदारी दिया बड़े बुजुर्ग और महिला बच्चे सभी वर्ग का सहयोग रहा।

## निधन

### बाल सिंह ठाकुर



**अभनपुर।** गातापार निवासी बाल सिंह ठाकुर (78) का 19 अगस्त को स्वर्गवास हो गया। वे दौलत सिंह ठाकुर व शिवम ट्रेडर्स के संचालक भूपेन्द्र सिंह ठाकुर के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम गातापार मे 20 अगस्त बुधवार सुबह 9बजे किया जायेगा।

**आयोजन :** भंडारे में बड़ी संख्या में लोगों ने गुरु का प्रसाद पाया और स्वयं को निहाल किया

# गुरु बालक दास जयंती की शोभायात्रा में अखाड़ा दल ने किया शौर्य प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंदिर हसौद

मंदिर हसौद से चंदखुरी मार्ग पर स्थित ग्राम बहना काड़ी में 18 अगस्त को संत शिरोमणि गुरु घासीदास बाबा जी के द्वितीय पुत्र गुरु बालक दास जी के जयंती कार्यक्रम का आयोजन रखा गया था। जिसमें मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब कैबिनेट मंत्री दर्जा अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष विधायक आरंग विशिष्ट अतिथि चितरेखा नरेंद्र कुर्रे जनपद सदस्य अध्यक्षता अशोक बंजारे सरपंच बहना काड़ी कार्यक्रम आयोजन जय सतनाम युवा समिति एवं समस्त सतनामी समाज बहना काड़ी द्वारा गुरु बालक दास जयंती का आयोजन रखा गया । जहां सर्वप्रथम संत शिरोमणि गुरु घासीदास जी के प्रतीक चिन्ह जैत खंभा पर दीप प्रज्वलित का कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जहां मुख्य अतिथि व सभी अतिथियों का पुष्प माला भेंट कर स्वागत किया। वहीं आयोजन समिति द्वारा समाज के लिए सर्व सुविधायुक्त मांगलिक भवन की मांग रखा गया। तथा उसके बाद गुरु खुशवंत साहेब को उद्बोधन के लिए आमंत्रित किया गया। जिन्होंने अपना उद्बोधन में गुरु बालक दास की जयंती पर प्रकाश डालते हुए बताया कि गुरु बालक दास जी गांव गांव जाकर रावटी लगाकर लोगों को मार्गदर्शन दया कि एकत्रित और संगठित रहो शिक्षित बनो उन्होंने लोगों में स्वाभिमान जगाया। जिन्होंने अपना अधिकार रोटी कपड़ा मकान जल जंगल जमीन के महत्व के बारे में बताया और अपने हक अधिकार के लिए लड़ना सिखाया।

## समाज को सशक्त बनाने शिक्षा दें ध्यानः खुशवंत गुरु



जिसके चलते आज हमारे समाज के लोग सभी क्षेत्र में अपना पहचान छोड़ रहे हैं। वही गुरु खुशवंत साहेब ने कहा की आज लोकतांत्रिक दौड़ में समाज को सशक्त और मजबूत बनाने के लिए शिक्षा पर जोर देने के बात कही जहां समाज के बच्चों के लिए प्रतियोगिता परीक्षा के लिए समाज के बुद्धिजीवी लोगों से मिलकर निशुल्क कोचिंग सेंटर की व्यवस्था करने की भी बात कही तथा शासन से भी समाज के लिए सहयोग दिलाने की बात कही। वही आयोजक समिति द्वारा गुरु खुशवंत साहेब और सभी अतिथियों का शाल श्रीफल से सम्मानित किया । तत्पश्चात शोभा यात्रा का नेतृत्व का रहे सात श्वेत ध्वज वाहक संतो को श्रीफल भेंट कर शोभायात्रा रवाना किया गया। जो जैत खंभा चौक से श्वेत ध्वज वाहक संतों के नेतृत्व में अखाड़ा पंथी और धूमाल के धुन में पूरे गांव झुमके नाचते हुए शोभा यात्रा का पूरे गांव का भ्रमण कराया गया। जहां जगह-जगह गुरु बालक दास की छायाचित्र का पूजा अर्चना किया है। वही धूमाल,मादर की ताल के साथ अखाड़ा दल ने शौर्य प्रदर्शन किया। वही सभी को प्रसादी वितरण किया और भंडारे का भी आयोजन रखा गया था जहां लोगों गुरु प्रसाद जी ग्रहण किया ।

## पेज 11 के शेष...

### दवा असरहीन...

वापस ड्रग वेयर हाउस भेजने कहा है। सूत्रों के अनुसार इन दवाओं के असर नहीं करने और पैकेजिंग ठीक नहीं होने की शिकायत सामने आ रही थी। 400 एमजी के एल्बेंडाजोल टेबलेट बद्दी हिमाचल प्रदेश की अफी फैरंटिरल्स दवा कंपनी की है।

### 10वीं की दूसरी...

की तरह मार्च में हुई। दूसरी मुख्य परीक्षा जुलाई-अगस्त में आयोजित की थी।इसके पूर्व मार्च में हुई मुख्य परीक्षा में 12वीं का रिजल्ट इस बार 81.87 प्रतिशत रहा था। 12वीं कक्षा में 2 लाख 40 हजार 356 विद्यार्थियों शामिल हुए। इनमें से 1 लाख 94 हजार 906 ने परीक्षा उत्तीर्ण की थी। वहीं 10वीं बोर्ड एग्जाम में 3.28 लाख स्टूडेंट शामिल हुए थे। इनमें 76.53% छात्रों को 7 मई को घोषित परिणाम में उत्तीर्ण श्रेणी में रखा गया था

### बारहवीं : लड़कियां रहीं...

में 11,165 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए और तृतीय श्रेणी में 801 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। 4 परीक्षार्थियों के परिणाम नकल प्रकरण के कारण रोके गए हैं। परीक्षा परिणाम छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की वेबसाइट **https://www.cgbse.nic.in** पर उपलब्ध है।

### शहर में दोपहर...

समस्या खत्म हुई और लोगों ने राहत महसूस की। इसके बाद छाए बादलों ने रात में फिर अपना असर दिखाया और जमकर बारिश शुरू हुई, जिसका दौर देर रात तक जारी रहा। बने सिस्टम की वजह से गिर रहे पानी से बस्तर तरबतर हो गया है। पिछले चौबीस घंटे में नारायणपुर में 14, औंधी में 10, बास्तानार, दरभा, भैरमगढ़ में 8-8, नानगुर, कटेकल्याण, जगदलपुर में 7-7, कोहकामेटा, कुटरू, उसूर, बड़े बचेली, माकड़ी में 6-6 सेमी. तक बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्रों के विशेषज्ञों का कहना है कि राज्य में बारिश की गतिविधि में बुधवार से कमी आएगी। मंगलवार को राज्य में सबसे अधिक 31.6 डिग्री सेल्सियस तापमान बिलासपुर का दर्ज किया गया।

### बगैर हेलमेट वाहन...

भी मोटरयान नियम 1989 के नियम 33 से 44 के प्रावधानों के कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले एसएसपी ने विभाग के सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य किया है। बगैर हेलमेट पहनने वाले पुलिस कर्मचारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा रही है।

### सिर पर चोट लगने...

के सदस्य भी इस नियम का पालन नहीं कर रहे थे और बिना हेलमेट वाहन चला रहे हैं। एसएसपी ने इसे गंभीरता से लिया और माना कि जब विभाग के कर्मचारी ही हेलमेट नहीं लगाएंगे, तो आम आदमी क्यों लगाएगा। इसे देखते हुए एसएसपी ने सबसे पहले विभाग पर सख्ती बरती और बिना हेलमेट वाहन चलाने पर प्रतिबंध लगाया। इस प्रतिबंध के बाद शहर में विभाग के कर्मचारी भी हेलमेट लगाना शुरू कर दिए हैं, क्योंकि अब उनके विरुद्ध भी कार्रवाई होने लगी है।

# गैर इरादतन हत्या, मामले में चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

गत दिनांक 11.08.25 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जीव जन्तु को मारने के आशय से ग्राम छतौद खार स्थित ओमप्रकाश वर्मा निवासी केंवतरा के खेत मेढ में करंट युक्त खुला बिजली तार लगाया गया था, जिसकी चपेट में आने से ओमप्रकाश वर्मा की मृत्यु हो गयी थी। जिस पर पुलिस के द्वारा मर्ग कायम कर जांच में लिया गया, जांच के दौरान अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में उक्त अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा प्रकरण में मुखबीर लगाने के साथ ही खुले स्थान पर करंट लगाकर जीव जंतुओं का शिकार करने वालों के संबंध में जानकारी एकत्र कर अज्ञात आरोपी को चिन्हित करने के प्रयास किया जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात आरोपी की




गिरफ्तारी में लगी टीम के सदस्यों को इसी तरीका वारदात के आधार पर जीव जंतुओं का शिकार करने वाले लोगो के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होने पर टीम के सदस्यों द्वारा ग्राम गौरखेड़ा खरोरा निवासी विश्राम धीवर, चिन्ताराम यादव एवं धरम सिंह यादव को पड़कर घटना के संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा अपने एक अन्य साथी बलकरण वर्मा निवासी खरोरा के साथ मिलकर मृतक ओम प्रकाश वर्मा के खेत के मेढ़ में करंट युक्त खुला बिजली का तार लगाना स्वीकार किया गया ।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, उप तहसील सारागांव जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ........./ ब-121 / वर्ष 2024-25

सारागांव दिनांक 12/08/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका इंदू साहू पति स्व. पदमन साहू ग्राम लालपुर, उप तहसील सारागांव जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि पुत्र धनेन्द्र साहू का जन्म दिनांक 25/10/2009 निवास स्थान ग्राम लालपुर घर में हुआ है जिसका पंजीयन नही हो पाया है। जिसका पंजीयन नही हो पाया है। आवेदिका द्वारा रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु) को पंजीयन हेतु आदेश जारी करने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 27/08/2025 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/08/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, उप तहसील सारागांव जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**तहसीलदार, मंदिर हसौद**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

**संदर्भ:-** जिला- रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.न.-00012 सोनपैरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202425440203900012

**ईश्तहार**

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.न. 00012 के अंतर्गत ग्राम सोनपैरी के वर्तमान भूमिस्वामी गौरी बाई पिता/पति-धनसाय पता-सा देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 789/1(0.1820) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता राधा साहू पिता/पति-धनसाय साहू पता- ग्राम सोनपैरी, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर, संतोषी साहू पिता/पति धनसाय साहू पता-ग्राम सोनपैरी, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर, धनसाय साहू पिता/पति-सरजू साहू पता-ग्राम सोनपैरी, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर, प्रमिला साहू पिता/पति धनसाय साहू पता ग्राम सोनपैरी, तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर के नाम पर पंजीयन / फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 10/09/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 18/08/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
Vinod kumar sahu
**मंदिर हसौद**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित **एल.आई.जी. 218**, को **श्री ओम प्रकाश गौतम पिता श्री सतानंद गौतम** के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक **11.09.2015** को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान **श्री ओम प्रकाश गौतम पिता श्री सतानंद गौतम** निवासी:- मकान नं. जे/984, नया तालाब, गुढ़ियारी तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को **श्री पारस गुप्ता पिता श्री सतीष चंद गुप्ता** निवासी:- मकान नं.-74, आनंद भूमि रायपुर तहसील एवं जिला (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित **एल.आई.जी. 218** के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**तहसीलदार, मंदिर हसौद**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

**संदर्भ:-** जिला- रायपुर तहसील - मंदिर हसौद पं.ह.न.-00015 खुटेरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202425440203600012

**ईश्तहार**

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.न. 00015 के अंतर्गत ग्राम खुटेरी के वर्तमान भूमिस्वामी मोहम्मद शाहिद पिता/पति मोहम्मद फारूख पता- झंडा चौक पंडरी रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 224/1(0.0121) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता सरिता पिता/पति बृजेश सिंह पता - मकान नं. 58, नगवा खास, थाना एकौना, तहसील रूद्रपुर, जिला देवरिया के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29/08/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/08/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
Vinod kumar sahu
**मंदिर हसौद**

**प्रमाण पत्र संबंधी गुम सूचना**

यह सार्वजनिक सूचना के माध्यम से अवगत कराया जाता है कि मैं, भाग्यलक्ष्मी डड़सेना, निवासी रायपुर (छत्तीसगढ़), का GNM (जनरल नर्सिंग मिडवाइफरी) रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट दिनांक 13.06.2025 को रायपुर स्थित VIP रोड, राम मंदिर के पास कहीं गुम हो गया है।मेरे द्वारा सर्टिफिकेट को हर संभव स्थान पर ढूँढने का प्रयास किया गया, किंतु अब तक वह प्राप्त नहीं हुआ है। उक्त दस्तावेज़ मेरे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इसके बिना शैक्षणिक व पेशेवर कार्यों में कठिनाई उत्पन्न हो सकती है।यदि किसी भी सज्जन को यह प्रमाणपत्र मिलता है या उसके बारे में कोई जानकारी मिलती है तो कृपया मुझे तुरंत सूचित करें।

**संपर्क हेतु**
**भाग्यलक्ष्मी डड़सेना**
**मोबाइल नंबर: 9131784997**

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा 1. अनिल आहूजा (एचयू.एफ) कर्ता अनिल आहूजा पिता स्व श्री किशोर आहूजा निवासी-सिविल लाईन रायपुर 2. खुशबु आहूजा पिता संजय आहूजा निवासी सी 02 आनंद विहार तेलीबांधा रायपुर, 3. रोहित थौरानी पिता श्री टेकचंद थौरानी निवासी ए 15 आनंद विहार तेलीबांधा रायपुर, जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम राखी, प.ह.नं.- 24, रा.नि.मं. अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित खसरा नं.- 345/3, 345/4 रकबा क्रमशः 0.10, 0.38 हे. कुल खसरा नं. 02 कुल रकबा 0.48 हे. अर्थात 52272 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर, इस आशय का अग्रिम ब्याना अदा कर, अपने पक्ष में दिनांक 02/08/2025 को इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है, मात्र बैनामा पंजीयन कराना शेष है।

अतः उपरोक्त सम्पत्ति के स्वामित्व आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था निकाय बोर्ड, प्राधिकरण शासन एवं प्रशासन आदि को उजर, दावा आपत्ति हो तो मेरे समक्ष मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज आपत्ति इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिनों के अंदर प्रस्तुत करे अन्यथा समयावधि पश्चात मेरे पक्षकार उपरोक्त सम्पत्ति का बैनामा पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा, बाद म्याद की गयी आपत्ति अवैध एवं शून्य होगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। अतः सूचना जाने।

अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.
दिनांक :- 19/08/2025

**भवदीय**
**रोहन सिन्हा अधिवक्ता,**
**अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग.**
**मो.नं.- 9981102751**






## खबर संक्षेप

### गॉस मेमोरियल भवन में परिमंडल अधिवेशन आज

रायपुर। अखिल भारतीय बीएसएनएल डीओटी पेंशनर्स एसोसिएशंस (एआईबीडीपीए) का द्वि-वार्षिक छठवां परिमंडल अधिवेशन आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम जयस्तंभ चौक स्थित गॉस मेमोरियल भवन में 20 अगस्त को सुबह 10 बजे प्रारंभ होगा। इस अधिवेशन में बिलासपुर, बलौदाबाजार, भिलाई, धमतरी, राजिम, दुर्ग, राजनांदगांव, रायगढ़ से सैकड़ों की संख्या में पेंशनर्स शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय मुख्यालय नई दिल्ली के जनरल सचिव केजी जयराज होंगे। अध्यक्षता परिमंडल अध्यक्ष पीसी तिवारी करेंगे। अन्य वक्ताओं में बीएसएनएलईयू छग के परिमंडल सचिव आरएस भट्ट, जिला सचिव जितेंद्र नाथ नस्कर, जिला सचिव बिलासपुर ओंकारनाथ, जिला सचिव रायगढ़ अमर सिंह, दुर्ग के जिला सचिव दुर्गा प्रसाद निषाद, धर्मराज महापात्र सेंट्रल जोन इंश्योरेंस यूनियन, चंद्रशेखर प्रदेश अध्यक्ष छग कर्मचारी यूनियन, दिनेश पटेल पोस्टल यूनियन आदि वक्ताओं अधिवेशन में उपस्थित साथियों को संबोधित करेंगे।

### बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर में 66% उत्तीर्ण

रायपुर। पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा मंगलवार को बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर के साथ ही 20 विभिन्न कक्षाओं के परीक्षा परिणामों की घोषणा कर दी गई है। बीकॉम द्वितीय सेमेस्टर की परीक्षा में 8251 छात्र शामिल हुए थे। इनमें से 65.54% अर्थात 5408 छात्र ही उत्तीर्ण हो सके हैं।

## निधन

### गीता पारेख



रायपुर। चौबे कॉलोनी निवासी गीता पारेख का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 20 अगस्त को मारवाड़ी श्मशानघाट में किया जाएगा। वे स्व. अनिल पारेख की पत्नी, प्रीति, स्मिता और विनय पारेख की माता थीं।

# एजेंसी तय नहीं, डाक्टरों की जगह कंप्यूटर ऑपरेटर कर रहे आयुष्मान का क्लेम ऑडिट


### पांच महीने पहले काम बंद कर चुकी पुरानी कंपनी, नई एजेंसी तय ही नहीं हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अस्पतालों में होने वाले निशुल्क इलाज के दावों की जांच करने का काम अब डाक्टरों के बजाए सीएमएचओ कार्यालयों में पदस्थ कंप्यूटर ऑपरेटर कर रहे हैं। इसकी एकमात्र वजह पुरानी कंपनी के काम बंद करने के पांच महीने बाद भी नयी एजेंसी तय नहीं होना है।इलाज के जानकारों के बजाए अनाड़ियों द्वारा वास्तविकता चेक करने की वजह से क्लेम प्रोसेसिंग के मामले में गड़बड़ी का दौर चल रहा है। शहीद वीरनारायण सिंह आयुष्मान स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत निशुल्क उपचार का लाभ लेने वाले मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, मगर इसके बेहतर क्रियान्वयन में जिम्मेदार एजेंसी पिछड़ रही है। सूत्रों के मुताबिक अस्पतालों से निशुल्क उपचार के भुगतान के लिए आने वाले क्लेम को क्रास चेक करने स्टेट नोडल एजेंसी द्वारा थर्ड पार्टी एडमिनिस्ट्रेशन को जिम्मेदारी दी जाती है। कंपनी द्वारा नियुक्त किए जाने वाले डाक्टर दावों की रियालिटी जांचने के बाद क्लेम की राशि का निर्धारण करते हैं। सूत्रों का कहना है कि इस प्रक्रिया से शासन को फिजूल क्लेम का भुगतान नहीं करना पड़ता, साथ ही फर्जीवाड़ा की शिकायतें भी कम होती हैं। पुरानी एजेंसी से अनुबंध खत्म होने के बाद पिछले पांच माह से नयी टीपीए कंपनी तय करने में विभागीय स्तर पर गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। यह काम जिला स्तर पर सीएमएचओ कार्यालय में आयुष्मान योजना के काम में लगे कंप्यूटर ऑपरेटर जैसे कर्मचारियों द्वारा पूरा किया जा रहा है।

#### पसंदीदा हास्पिटलों के क्लेम पास

सूत्रों का कहना है जिला स्तर के स्टॉफ द्वारा इस महत्वपूर्ण काम में मनमानी किए जाने की शिकायत सामने आने लगी है। ऑडिट के दौरान कर्मचारी पसंदीदा अस्पताल के आईसीयू वाले उन क्लेम को भी पास कर दे रहे हैं, जिसमें मरीज का इलाज जनरल वार्ड में भी पूरा हो सकता है। इतना ही नहीं, उन हास्पिटलों के क्लेम ऑडिट में अटकाए जा रहे हैं, जो कर्मचारियों की अपेक्षाओं पर खरे नहीं उतर रहे हैं।



#### कई अस्पताल ने हाथ खींचा

आयुष्मान योजना के तहत भुगतान की प्रक्रिया काफी लचर होने की वजह से प्रदेश के कई बड़े अस्पताल इसके माध्यम से मरीजों का इलाज करने से इनकार करने लगे हैं। इसके लिए आयुष्मान के पैकेज बेहद कम होने के तर्क के साथ इसमें संशोधन की मांग काफी समय से उठ रही है। शासन स्तर पर इसके लिए प्रक्रिया पूरी करने का आश्वासन तो दिया गया था, मगर अब तक इस पर किसी तरह की ठोस पहल नहीं हुई है।

### ब्राम्हणपारा वार्ड में पेयजल संकट निगम के लिए सिरदर्द


# चार महीने में ढूंढ नहीं पाए तोड़, अब रोबोट ढूंढेगा पाइपलाइन में खामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जोन 4 क्षेत्र के ब्राम्हणपारा वार्ड के आधा दर्जन इलाकों में पेयजल संकट नगर निगम के एक बड़ी चुनौती बन गया है। पिछले 4 माह से लगातार पानी की किल्लत से जूझ रहे धोबीपारा, पंचपथपारा गली, अवधियापारा और भोईपारा की सिंधी गली का कुछ इलाका जलसंकट से त्रस्त है। हालत ये है कि बारिश का सीजन होने के बाद भी इन इलाकों में नगर निगम को लोगों की प्यास बुझाने पानी टैंकर भेजने की नौबत आई है। ऐसे में अब निगम प्रशासन रोबोट मशीन से पाइप लाइन की जांच कराएगा। यह कार्य चेन्नई की कंपनी पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में ब्राम्हणपारा वार्ड के प्रभावित इलाकों में डेमो देकर करेगी। इसके लिए नगर निगम को संबंधित कंपनी को किसी तरह का शुल्क नहीं देना होगा। नगर निगम ने ब्राम्हणपारा वार्ड के पेयजल संकट से निपटने तैयारी शुरू कर दी है। 4 महीने से पानी की समस्या से जूझ रहे लोगों को राहत दिलाने के लिए रोबोट तकनीक से पाइप लाइन की खामी का पता लगाया जाएगा। पूर्व में जल विभाग के अधिकारी पुरानी बस्ती के लिली चौक, आमापारा के सारथी चौक सहित अन्य पाइंट पर सड़क खुदाई कर पाइप लाइन की जांच कर चुके हैं। इसके बाद भी पानी की समस्या दूर नहीं हो पाई। जुलाई और अगस्त की बारिश में भी ब्राम्हणपारा वार्ड के प्रभावित इलाके टैंकर भरोसे हैं। नगर निगम के लिए इस क्षेत्र की पेयजल समस्या एक बड़ी चुनौती के रूप में उभर कर सामने आई है। अब पाइप लाइन में पानी का प्रेशर की स्थित जांचने रोबोटिक मशीन की मदद ली जाएगी।

#### *विशेष प्रकार की सेंसर वाली कैमरा युक्त मशीन*

*जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंह फरेन्द्र ने हरिभूमि को बताया कि चेन्नई तमिलनाडु सोनालाइट कंपनी की विशेष रोबोटिक मशीन की मदद ब्राम्हणपारा में पेयजल संकट की समस्या दूर करने ली जाएगी। कंपनी पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत रोबोट मशीन जमीन के अंदर पाइप लाइन में भेजेगी। यह मशीन विशेष प्रकार के सेंसर लैस कैमरा से युक्त है, जो पाइप लाइन के दोनों तरफ 200-200 मीटर के एरिया को जांच कर पानी का प्रेशर रीड करेगी। कंपनी इस कार्य को निःशुल्क करेगी। उसकी इस मशीन का दुर्ग में उपयोग किया गया, तो इसके बेहतर परिणाम मिले हैं। यदि यहां भी रोबोटिक मशीन से सफलता मिलती है, तो इस तकनीक को शहर के अन्य वार्डों के जल संकट वाले इलाकों में लागू किया जा सकता है।*



#### वार्ड पार्षद का व्यू

ब्राम्हणपारा वार्ड भगवान भरोसे है। निगम के अधिकारियों की लापरवाही की वजह से लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। ईदगाहभाठा पानी टंकी से सारथी चौक तक नई पाइप लाइन बिछाई जानी है, पर आज तक यह काम शुरू नहीं हुआ। बारिश के सीजन में पानी टैंकर भेजने की स्थिति बनी है। जोन 4 की पानी टंकी का फूट वाल्व आए दिन खराब हो जाता है, जिसके कारण जनता त्रस्त है। जल संकट की समस्या का स्थायी समाधान जल्द किया जाए।
- **अजय साहू,** पार्षद, ब्राम्हणपारा वार्ड

#### नई पाइप लाइन बिछाने 40 लाख की मंजूरी, भूमिपूजन के 4 माह बाद काम शुरू नहीं

ब्राम्हणपारा वार्ड की पेयजल आपूर्ति शहर की दो टंकियां ईदगाहभाठा और मोतीबाग पानी टंकी से होती है, इनमें से ईदगाहभाठा पानी टंकी सबसे पास है। फिर भी वार्ड में पर्याप्त जल आपूर्ति नहीं हो रही है। इसे देखते हुए नागरिकों की शिकायत पर नगर निगम ने सारथी चौक से पाइप लाइन बदलने और नई लाइन बिछाने 40 लाख रुपये मंजूरी दी थी। यही नहीं, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी और महापौर मीनल चौबे ने ब्राम्हणपारा वार्ड में नई पाइप लाइन बिछाने 4 माह पूर्व भूमिपूजन किया था। उस समय 15 दिन के अंदर नई पाइप लाइन से प्रभावित इलाकों में पानी पहुंचाने अधिकारियों को निर्देशित भी किया था। इसके बाद भी पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू नहीं हो पाया।

# नीट पीजी-2025 का परिणाम घोषित, डॉ. खुशी ग्वालरे का ऑल इंडिया में 225वां रैंक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ एमबीबीएस में आयुष विवि की गोल्ड मेडलिस्ट रही

मेडिकल कालेजों में एमडी-एमएस, डीएनबी, डीएनआरबी जैसे पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित नीट पीजी-2025 का परिणाम घोषित कर दिया गया है। परीक्षा में छत्तीसगढ़ की डॉ. खुशी ग्वालरे ने ऑल इंडिया में 225वां रैंक हासिल किया है। सिम्स बिलासपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने वाली डॉ. खुशी आयुष विवि की गोल्ड मेडलिस्ट रही है।

नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट पीजी-2025) का परिणाम घोषित कर दिया है। इस परीक्षा में सफल होने वाले डाक्टर स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए दावेदारी कर सकेंगे। इस परीक्षा में देशभर के 2.42 लाख लोग शामिल हुए थे, जिसमें छत्तीसगढ़ के डाक्टरों की संख्या पांच हजार से अधिक थी। राज्य के सफल अभ्यर्थियों की सूची आने वाले दिनों में जारी की जाएगी।

इसके आधार पर राज्य के विभिन्न मेडिकल कालेजों की चार सौ के करीब पीजी सीटों पर एडमिशन का काम पूरा किया जाएगा। 800 अंकों की इस परीक्षा में 652 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया में 225 रैंक हासिल करने वाली डॉ. खुशी ग्वालरे रायपुर की प्रसिद्ध नेत्र विशेषज्ञ एवं अंधत्व निवारण अभियान की राज्य नोडल अधिकारी डॉ. निधि ग्वालरे की बेटी है।

## पेज 11 के शेष

### दवा असरहीन...कृमिनाशक...

वापस ड्रग वेयर हाउस भेजने कहा है। सूत्रों के अनुसार इन दवाओं के असर नहीं करने और पैकेजिंग ठीक नहीं होने की शिकायत सामने आ रही थी। 400 एमजी के एल्बेंडाजोल टेबलेट बद्दी हिमाचल प्रदेश की अफी फैरंटिरल्स दवा कंपनी की है।

### 10वीं की दूसरी...

की तरह मार्च में हुई। दूसरी मुख्य परीक्षा जुलाई-अगस्त में आयोजित की थी।इसके पूर्व मार्च में हुई मुख्य परीक्षा में 12वीं का रिजल्ट इस बार 81.87 प्रतिशत रहा था। 12वीं कक्षा में 2 लाख 40 हजार 356 विद्यार्थियों शामिल हुए। इनमें से 1 लाख 94 हजार 906 ने परीक्षा उत्तीर्ण की थी। वहीं 10वीं बोर्ड एग्जाम में 3.28 लाख स्टूडेंट शामिल हुए थे। इनमें 76.53% छात्रों को 7 मई को घोषित परिणाम में उत्तीर्ण श्रेणी में रखा गया था।

### बारहवीं : लड़कियां रहीं...

में 11,165 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए और तृतीय श्रेणी में 801 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। 4 परीक्षार्थियों के परिणाम नकल प्रकरण के कारण रोके गए हैं। परीक्षा परिणाम छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की वेबसाइट **https://www.cgbse.nic.in** पर उपलब्ध है।

### शहर में दोपहर...

समस्या खत्म हुई और लोगों ने राहत महसूस की। इसके बाद छाए बादलों ने रात में फिर अपना असर दिखाया और जमकर बारिश शुरू हुई, जिसका दौर देर रात तक जारी रहा। बने सिस्टम की वजह से गिर रहे पानी से बस्तर तरबतर हो गया है। पिछले चौबीस घंटे में नारायणपुर में 14, औंधी में 10, बास्तानार, दरभा, भैरमगढ़ में 8-8, नानगुर, कटेकल्याण, जगदलपुर में 7-7, कोहकामेटा, कुटरू, उसूर, बड़े बचेली, माकड़ी में 6-6 सेमी. तक बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केंद्रों के विशेषज्ञों का कहना है कि राज्य में बारिश की गतिविधि में बुधवार से कमी आएगी। मंगलवार को राज्य में सबसे अधिक 31.6 डिग्री सेल्सियस तापमान बिलासपुर का दर्ज किया गया।

### बगैर हेलमेट वाहन...

भी मोटरयान नियम 1989 के नियम 33 से 44 के प्रावधानों के कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले एसएसपी ने विभाग के सभी पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारियों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य किया है। बगैर हेलमेट पहनने वाले पुलिस कर्मचारियों के विरुद्ध भी कार्रवाई की जा रही है।

### सिर पर चोट लगने...

के सदस्य भी इस नियम का पालन नहीं कर रहे थे और बिना हेलमेट वाहन चला रहे हैं। एसएसपी ने इसे गंभीरता से लिया और माना कि जब विभाग के कर्मचारी ही हेलमेट नहीं लगाएंगे, तो आम आदमी क्यों लगाएगा। इसे देखते हुए एसएसपी ने सबसे पहले विभाग पर सख्ती बरती और बिना हेलमेट वाहन चलाने पर प्रतिबंध लगाया। इस प्रतिबंध के बाद शहर में विभाग के कर्मचारी भी हेलमेट लगाना शुरू कर दिए हैं, क्योंकि अब उनके विरुद्ध भी कार्रवाई होने लगी है।

**न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी, उप तहसील सारागांव जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

रा.प्र.क्र. ......../ ब-121 / वर्ष 2024-25
सारागांव दिनांक 12/08/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका इंदू साहू पति स्व. पदमन साहू ग्राम लालपुर, उप तहसील सारागांव जिला रायपुर के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि पुत्र धनेन्द्र साहू का जन्म दिनांक 25/10/2009 निवास स्थान ग्राम लालपुर घर में हुआ है जिसका पंजीयन नही हो पाया है। जिसका पंजीयन नही हो पाया है। आवेदिका द्वारा रजिस्ट्रार (जन्म/मृत्यु) को पंजीयन हेतु आदेश जारी करने का निवेदन किया गया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 27/08/2025 को उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है नियत पेशी दिनांक के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12/08/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, उप तहसील सारागांव जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि द्वारा दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित **एल.आई.जी. 218**, को **श्री ओम प्रकाश गौतम पिता श्री सतानंद गौतम** के नाम से स्ववित्तीय आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि जमा कर पंजीयन कार्यालय रायपुर से दिनांक **11.09.2015** को लीजडीड (पट्टा-विलेख) का निष्पादन करा कर आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया है। वर्तमान **श्री ओम प्रकाश गौतम पिता श्री सतानंद गौतम** निवासीः- मकान नं. जे/984, नया तालाब, गुढ़ियारी तहसील एवं जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को **श्री पारस गुप्ता पिता श्री सतीष चंद गुप्ता** निवासीः- मकान नं.-74, आनंद भूमि रायपुर तहसील एवं जिला (छ.ग.) को विक्रय करने के लिये अनापत्ति प्रमाण पत्र (एन.ओ.सी.) प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः दीनदयाल आवास योजना आरंग जिला रायपुर में स्थित **एल.आई.जी. 218** के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय/अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,**
**प्रक्षेत्र नवा रायपुर अटल नगर**

**तहसीलदार, मंदिर हसौद**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**
**संदर्भः-** जिला- रायपुर तहसील - मंदिर हसौद पं.ह.न.- 00015 खुटेरी ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202425440203600012

**ईश्तहार**

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.न. 00015 के अंतर्गत ग्राम खुटेरी के वर्तमान भूमिस्वामी मोहम्मद शाहिद पिता/पति मोहम्मद फारूख पता- झंडा चौक पंडरी रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 224/1(0.0121) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता सरिता पिता/पति बृजेश सिंह पता - मकान नं. 58, नगवा खास, थाना एकौना, तहसील रूद्रपुर, जिला देवरिया के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29/08/2025 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार, मंदिर हसौद पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 11/08/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**तहसीलदार**
Vinod kumar sahu
**मंदिर हसौद**

**प्रमाण पत्र संबंधी गुम सूचना**

यह सार्वजनिक सूचना के माध्यम से अवगत कराया जाता है कि मैं, भाग्यलक्ष्मी डड़सेना, निवासी रायपुर (छत्तीसगढ़), का GNM (जनरल नर्सिंग मिडवाइफरी) रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट दिनांक 13.06.2025 को रायपुर स्थित VIP रोड, राम मंदिर के पास कहीं गुम हो गया है।मेरे द्वारा सर्टिफिकेट को हर संभव स्थान पर ढूँढने का प्रयास किया गया, किंतु अब तक वह प्राप्त नहीं हुआ है। उक्त दस्तावेज़ मेरे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा इसके बिना शैक्षणिक व पेशेवर कार्यों में कठिनाई उत्पन्न हो सकती है।यदि किसी भी सज्जन को यह प्रमाणपत्र मिलता है या उसके बारे में कोई जानकारी मिलती है तो कृपया मुझे तुरंत सूचित करें।

**संपर्क हेतु**
**भाग्यलक्ष्मी डड़सेना**
**मोबाइल नंबरः 9131784997**

**आम-सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा 1. अनिल आहूजा (एचयू.एफ) कर्ता अनिल आहूजा पिता स्व श्री किशोर आहूजा निवासी- सिविल लाईन रायपुर 2. खुशबु आहूजा पिता संजय आहूजा निवासी सी 02 आनंद विहार तेलीबांधा रायपुर, 3. रोहित थौरानी पिता श्री टेकचंद थौरानी निवासी ए 15 आनंद विहार तेलीबांधा रायपुर, जिला रायपुर छ.ग. के स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि वाके मौजा ग्राम राखी, प.ह.नं.- 24, रा.नि.मं. अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. मे स्थित खसरा नं.- 345/3, 345/4 रकबा क्रमशः 0.10, 0.38 हे. कुल खसरा नं. 02 कुल रकबा 0.48 हे. अर्थात 52272 वर्गफुट भूमि को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर, इस आशय का अग्रिम ब्याना अदा कर, अपने पक्ष में दिनांक 02/08/2025 को इकरारनामा निष्पादित करा लिया गया है, मात्र बैनामा पंजीयन कराना शेष है।

अतः उपरोक्त सम्पत्ति के स्वामित्व आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति बैंक संस्था निकाय बोर्ड, प्राधिकरण शासन एवं प्रशासन आदि को उजर, दावा आपत्ति हो तो मेरे समक्ष मेरे नीचे लिखे पते पर मय दस्तावेज आपत्ति इस आम सूचना के प्रकाशन के 07 दिनों के अंदर प्रस्तुत करे अन्यथा समयावधि पश्चात मेरे पक्षकार उपरोक्त सम्पत्ति का बैनामा पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा, बाद म्याद की गयी आपत्ति अवैध एवं शून्य होगी जो मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी। अतः सूचना जाने।

अभनपुर जिला रायपुर छ.ग.
दिनांक :- 19/08/2025

**भवदीय**
**रोहन सिन्हा अधिवक्ता,**
**अभनपुर, जिला रायपुर छ.ग.**
**मो.नं.- 9981102751**




HEALTH TOWN

**रामकथा**
**आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल**
**डॉ. संतोष जायसवाल**
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782
कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन
बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### भाजपा के महामंत्रियों और कोषाध्यक्ष ने पदभार संभाला

**रायपुर।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन, अखिलेश सोनी व नवीन मार्कण्डेय, प्रदेश कोषाध्यक्ष श्रीराम गर्ग एवं सोशल मीडिया संयोजक मितुल कोठारी ने पदभार ग्रहण कर विधिवत रूप से अपना-अपना दायित्व संभाला। कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, विधायक रोहित साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष जगन्नाथ पाणिग्रही निवर्तमान प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा, संजय श्रीवास्तव, भरतलाल वर्मा, प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज, प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी, सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।
किरण सिंह देव ने आवश्यक मार्गदर्शन दिया एवं आगामी कार्ययोजना को लेकर चर्चा की।

### शंकर नगर के रिहायशी इलाके में शराब दुकान विरोध में उतरी आप



**रायपुर।** शंकर नगर इलाके में खामदी थाना चौक के पास बिटिया ग्राउंड के सामने खुलने जा रही प्रीमियम शराब दुकान का आम आदमी पार्टी ने विरोध किया है। ने आम आदमी पार्टी ने कलेक्टर को ज्ञापन देकर मांग करते हुए कहा, जहां प्रीमियम शराब दुकान प्रस्तावित है, वहां आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। जहां शराब दुकान खोली जा रही है, वह स्थान रिहायशी इलाका है और सामने ही बीटीआई महाविद्यालय है। मंदिर सहित कई अस्पताल बहुत निकट हैं।

# आरटीई में नारायणपुर अव्वल, मात्र 13 सीट खाली, नहीं भर सकीं प्रदेश की 7161 सीटें

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत छात्रों को प्रवेश प्रदान करने के मामले में इस बार नारायणपुर ने बाजी मार ली है। यहां आरटीई की सिर्फ 13 सीटें ही रिक्त हैं, जबकि पूरे प्रदेश में आरटीई की 7 हजार 161 सीटें रिक्त रह गई हैं। लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा मंगलावार को तीसरे और अंतिम चरण की लॉटरी निकाली गई। प्रथम व द्वितीय चरण की प्रक्रिया के बाद प्रदेश में 8166 सीटें आरटीई की रिक्त थीं। पालकों द्वारा चयनित किए गए विकल्प के आधार पर 1005 को ही सीटें अलॉट की जा सकीं। शेष रह गई सीटों का चयन पालकों ने विकल्प के रूप में नहीं किया था। इस कारण 30 हजार 768 आवेदन होने के बाद भी इन्हें अलॉट नहीं किया जा सका है। 33 जिलों के 6945 स्कूलों में रिक्त सीटों के लिए सत्र 2025-26 की यह अंतिम लॉटरी निकाली गई है।

**मंगलवार को निकाली गई आरटीई की तीसरी व अंतिम चरण की सूची**



#### 90 प्रतिशत हिंदी माध्यम विद्यालय

निजी स्कूल संघ के अध्यक्ष राजीव गुप्ता के मुताबिक, जो सीटें रह गई हैं उनमें से 90 प्रतिशत हिंदी माध्यम स्कूलों की सीटें हैं। पालकों का रूझान हिंदी माध्यम विद्यालयों में अधिक नहीं है। इनमें भी छोटे और मंझोले स्कूल ही हैं। पालक बड़े हिंदी माध्यम विद्यालयों में आरटीई के जरिए बच्चों का दाखिला करवा देते हैं, लेकिन छोटे हिंदी माध्यम विद्यालयों की तुलना में वे शासकीय विद्यालय को ही प्राथमिकता देते हैं। प्रत्येक वर्ष यह स्थिति निर्मित होती है। मंगलवार को निकाली गई लॉटरी के दौरान डीपीआई संचालक ऋतुराज रघुवंशी, उप संचालक आशुतोष चौरे, आरटीई सेल सहित प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन एवं पालक संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे रहे।

#### रायपुर में 450 सीटें खाली

अन्य शहरों की तुलना में राजधानी के स्कूलों में पालकों ने दिलचस्पी दिखाई है। तीसरे चरण में 159 छात्रों का चयन होने के बाद यहां आरटीई की सिर्फ 450 सीटें ही रह गई हैं। गौरतलब है कि रायपुर के 863 स्कूलों में शिक्षा के अधिकार के अंतर्गत प्रवेश के लिए 5913 आवेदन मिले थे। बिलासपुर में 651 और दुर्ग में 816 सीटें खाली रह गई हैं। जिन छात्रों के नाम सूची में हैं, उन्हें निर्धारित अवधि में संबंधित स्कूलों में प्रवेश लेने कहा गया है।

### मुख्यमंत्री ने वीसी से ली सभी जिलों के कलेक्टरों की समीक्षा बैठक

# कलेक्टरों को सीएम के निर्देश- नहीं चलेगी पेशी पर पेशी, समय पर हो राजस्व प्रकरणों का निपटारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने मंगलवार को नया रायपुर स्थित महानदी भवन मंत्रालय से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के कलेक्टर्स की बैठक लेकर शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा की। राज्य में बढ़ते लंबित राजस्व प्रकरणों पर मुख्यमंत्री ने सख्त रुख अपनाते हुए आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों के कलेक्टरों को स्पष्ट निर्देश दिए कि अब पेशी पर पेशी का दौर खत्म हो, सभी राजस्व प्रकरणों का निराकरण शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर ही किया जाए।

मुख्यमंत्री श्री साय ने जिलेवार समीक्षा करते हुए नामांतरण, अविवादित व विवादित बंटवारे, अभिलेख दुरूस्ती, त्रुटि सुधार, भू-अर्जन, सीमांकन, और डायवर्सन से संबंधित प्रकरणों की स्थिति की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने दो टूक कहा कि बार-बार पेशी पर बुलाने से जनता को न केवल आर्थिक नुकसान होता है, बल्कि उनका समय और श्रम भी व्यर्थ जाता है। इससे सरकारी सिस्टम के प्रति लोगों का भरोसा भी कम होता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि पेशियों में कमी लाएं और प्रकरणों का समयबद्ध समाधान करें।



#### बैठक में शामिल हुए ये अधिकारी

समीक्षा बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत, पी दयानंद, वित्त सचिव मुकेश बंसल, पीसीसीएफ सुनील मिश्रा, लोक निर्माण विभाग के सचिव कमलप्रीत सिंह, राजस्व विभाग की सचिव रीना बाबासाहेब कंगाले, संस्कृति विभाग के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य के साथ अन्य विभागों के सचिव, आयुक्त एवं संचालक उपस्थित थे।

#### ई-कोर्ट में दर्ज हों सभी मामले

मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव सुबोध कुमार सिंह ने निर्देश दिए कि सभी राजस्व प्रकरणों को ई-कोर्ट में दर्ज किया जाए, जिससे उनकी मॉनिटरिंग और ट्रैकिंग आसान हो सके। साथ ही रिकॉर्ड दुरुस्तीकरण और त्रुटि सुधार के मामलों पर भी विशेष ध्यान देने को कहा गया। तहसील स्तर पर पटवारियों के माध्यम से एक विशेष अभियान चलाकर रिकॉर्ड को दुरुस्त करने के निर्देश दिए हैं।
**भू-अर्जन प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश :** मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजमार्गों की परियोजनाओं पर खास जोर देते हुए कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों और भारतमाला परियोजना की तीव्र और निर्बाध गति के लिए भू-अर्जन की प्रक्रिया जरूरी है।उन्होंने कलेक्टरों को निर्देशित किया कि भू-अर्जन और मुआवजा वितरण के लंबित मामलों का शीघ्र निपटारा करें।
**बस्तर संभाग में सुरक्षा के साथ विकास कार्य हों तेज :** बस्तर संभाग के नारायणपुर, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर में सड़क, रेल और मोबाइल टॉवर जैसी परियोजनाओं के लिए भू-अर्जन और मुआवजा वितरण कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने के निर्देश दिए गए।

#### सख्ती के साथ सुधार की पहल

मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार अब राजस्व प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। एक जिम्मेदार शासन प्रणाली का निर्माण तभी संभव है जब जनता के साथ न्याय समय पर हो। इसलिए प्रत्येक अधिकारी सुनिश्चित करें कि प्रकरणों का निपटारा देरी के बिना, न्यायसंगत ढंग से हो।

#### किसान पंजीयन व डिजिटल फसल सर्वे पर विशेष फोकस

मुख्यमंत्री ने किसान पंजीयन की प्रक्रिया में भी तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि शीघ्र ही सभी पात्र किसानों का पंजीयन पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को डिजिटल फसल सर्वे को गंभीरता से लेने और समय पर पूर्ण करने को कहा।

#### रजत महोत्सव में 25 वर्षों की विकास यात्रा होगी प्रदर्शित

छत्तीसगढ़ के निर्माण की 25वीं वर्षगांठ को यादगार बनाने के लिए 15 अगस्त से रजत महोत्सव की शुरुआत हुई है, जो 25 सप्ताह तक चलेगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने सभी जिलों के कलेक्टरों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में आयोजन कर रजत महोत्सव को जनभागीदारी का उत्सव बनाएं। कार्यक्रमों का विवरण पोर्टल पर अपलोड किया जाए और प्रचार-प्रसार को गति दी जाए।

## कालीमाता मंदिर के सामने और प्रोफेसर कालोनी इलाके में नहीं होगा जलभराव

**निगम बनाएगा नई नाली और नाला**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



राजधानी के सिविल लाइन क्षेत्र में स्थित आकाशवाणी चौक के कालीमाता मंदिर के सामने मुख्य मार्ग पर अब बारिश के दौरान जलभराव की समस्या नहीं होगी। नगर निगम वहां 9.50 लाख रुपये की लागत से नई नाली का निर्माण कराएगा। इसी तरह शहर के प्रोफेसर कालोनी सहित आसपास रहवासी इलाके में जलभराव की समस्या दूर करने 1 करोड़ 24 लाख रुपये की लागत से नये नाले का निर्माण होगा। महापौर मीनल चौबे, रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी, निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने नारियल फोड़कर इस कार्य का भूमिपूजन किया।

शहर के प्रोफेसर कालोनी की जलभराव समस्या को दूर करने नगर निगम नए नाले का निर्माण कराएगा, सालों पुरानी जलभराव की समस्या से वहां के रहवासी परेशान थे। बारिश के सीजन में नाली का गंदा पानी ओवरफ्लो होकर प्रोफेसर कालोनी के अलग-अलग सेक्टर के अलावा बंजारी नगर, आदिवासी कालोनी कुशालपुर, सहित आधा दर्जन से ज्यादा रहवासी इलाकों के घरों में भर जाने से कई घरों रतजगा की स्थिति निर्मित होती। इस समस्या के स्थायी समाधान के लिए नाला निर्माण कार्य करवाया जाएगा। यह नया नाला महामाया मंदिर वार्ड के अंतर्गत दूधाधारी मंदिर ट्रस्ट की भूमि के पीछे से देवकी बाल उद्यान होते हुए भैया तालाब के किनारे से होकर शक्ति मंदिर और भैया तालाब के किनारे से कुकरीपारा ढाल तक निर्माण होगा। इसके साथ ही ट्रांसफार्मर शिफ्टिंग, पाइप लाइन शिफ्ट करने सहित अन्य कार्य कराया जाएगा। महापौर मीनल चौबे ने जोन 6 कमिश्नर हितेन्द्र यादव को नया नाला निर्माण कार्य तत्काल प्रारंभ करवाते हुए इसकी सतत मानिटरिंग करने निर्देश दिए। इस मौके पर जोन 5 अध्यक्ष अंबर अग्रवाल, जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, महामाया मंदिर वार्ड पार्षद जयश्री नायक, पार्षद प्रमोद कुमार साहू, पूर्व पार्षद सालिग सिंह ठाकुर, रमेश यदु, जोन 5 कमिश्नर छीरसागर नायक उपस्थित रहे।

## बिजनेस साइट

### श्री बालाजी हॉस्पिटल ने रचा 1500 निशुल्क डिलीवरी का कीर्तिमान



रायपुर। श्री बालाजी हॉस्पिटल ने 1500 निशुल्क डिलीवरी कर एक अनोखा कीर्तिमान स्थापित किया है। यह देश का एकमात्र प्राइवेट हॉस्पिटल है, जहां पिछले सात वर्षों से नार्मल और सिजेरियन डिलीवरी पूरी तरह निशुल्क की जाती है। इस उपलब्धि के उपलक्ष्य में 'मातृत्व को वंदन' कार्यक्रम श्री बालाजी मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कार्यक्रम अध्यक्ष विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह तथा उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा समेत कई जनप्रतिनिधियों और विशिष्ट अतिथियों ने आयोजन में शिरकत की। डिलीवरी लाभार्थी महिलाओं व बच्चों संग केक काटकर इस ऐतिहासिक पल को मनाया गया। मुख्यमंत्री ने इस जनसेवा की सराहना करते हुए डॉ. देवेंद्र नायक और डॉ. नीता नायक को बधाई दी। कार्यक्रम में बालाजी ग्रुप के वरिष्ठ अधिकारी व डॉक्टरों सहित लाभार्थी परिवार भी शामिल हुए। सभी ने मातृत्व व सेवा के इस कार्य को आगे बढ़ाने की कामना की।

### सिपेट रायपुर में एमएसएमई इकाईयों के लिए 'ग्रीन पैकेजिंग' पर कार्यशाला आयोजित



**रायपुर।** सिपेट रायपुर में 'ग्रीन पैकेजिंग में एमएसएमई के लिए अवसर और व्यावहारिक तरीके' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला भारत सरकार की आरएएमपी योजना के अंतर्गत सीएसआईडीसी एवं उद्योग संचालनालय के सहयोग से आयोजित हुई। उद्घाटन समारोह में अरविंद तिवारी (सहायक निदेशक, एमएसएमई) और जागेश्वर कुमार साहू (उप निदेशक, उद्योग संचालनालय) विशिष्ट अतिथि रहे। डॉ. आलोक साहू (प्रधान निदेशक, सिपेट) ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए ग्रीन पैकेजिंग की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। मुख्य वक्ता आर. विनयकुमार और रेहान अली प्रधान ने पर्यावरण अनुकूल विकल्पों और कृषि अवशेषों से पैकेजिंग की तकनीकों पर व्याख्यान दिए। सिपेट की सस्मिता मिश्रा ने बायोडिग्रेडेबल प्लास्टिक परीक्षण पर जानकारी साझा की। कार्यशाला में 60 से अधिक एमएसएमई इकाईयों ने भाग लिया।

**पाठक सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# अवैध निर्माण और प्लाटिंग पर चला नगर निगम का बुलडोजर

**निगम मुख्यालय उड़दस्ता और जोन 5 ने की संयुक्त कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम के तोड़ूदस्ते ने मंगलवार को पासपोर्ट कार्यालय के पास नागरिक रामबहल सिंह द्वारा अनुमति के विपरीत किए जा रहे अवैध निर्माण को ध्वस्त कर दिया। वहीं भाठागांव इंटेकवेल क्षेत्र में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग पर निगम ने कड़ा कदम उठाया। मौके पर पहुंची टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से अवैध रूप से बनाई गई मुरुम रोड को काटकर आवागमन अवरुद्ध कर दिया है, जिससे कि आगे किसी भी तरह की अवैध गतिविधि पर तत्काल रोक लग सके। शहर में अवैध निर्माण और अवैध प्लाटिंग करने वालों पर निगम प्रशासन एक बार फिर नकेल कसने की तैयारी में है। निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देश पर जोन 5 कमिश्नर छीरसागर नायक के मार्गदर्शन में जोन 5 के नगर निवेश टीम और निगम मुख्यालय उड़नदस्ता टीम ने जोन 5 क्षेत्र स्थित पासपोर्ट कार्यालय के पास अनुमति के विपरीत किए गए अवैध निर्माण को तोड़ गिराया। इसी तरह भाठागांव इलाके में इंटेकवेल के पास भिन्न-भिन्न स्थानों पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की जा रही अवैध प्लाटिंग पर स्थल पहुंचकर जेसीबी मशीन से अवैध मुरूम रोड को काटकर मार्ग का आवागमन अवरुद्ध कर इस पर रोक लगाई। पासपोर्ट कार्यालय के पास अवैध निर्माण तोड़ने के अभियान में जोन 5 कमिश्नर छीरसागर नायक, सहायक अभियंता नागेश्वर रामटेके, उप अभियंता अंकुर मिश्रा, टिकेन्द्र चंद्राकर की उपस्थिति रही।



#### स्वीकृति विपरीत अवैध निर्माण को हटाया

जोन 8 की नगर निवेश टीम ने जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के मार्गदर्शन में एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड में स्वीकृति के विपरीत किए गए अवैध निर्माण को मंगलवार को अभियान चलाकर तोड़ गिराया। साथ ही भविष्य में स्वीकृति लेकर नियम अनुसार निर्माण करवाने की हिदायत संबंधित निर्माणकर्ता को दी गई। इसी तरह टीम प्रहरी अभियान के अंतर्गत नगर निगम जोन 1 अमले के संत कबीरदास वार्ड के बसंत विहार कालोनी में 6 हजार वर्गफीट में अवैध रूप से किए गए 6 मकानों के अवैध रो हाउस निर्माण को तोड़ गिराया। निगम मुख्यालय नगर निवेश उड़नदस्ता की टीम द्वारा जेसीबी मशीन और मजदूरों की मदद से अवैध रूप से बनाये गये रो हाउस निर्माण को हटाया गया।

## तीन जिलों को मिले नए डीईओ

**स्कूल शिक्षा विभाग ने 7 अधिकारियों के किए तबादले**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मंगलवार को आदेश जारी कर विभिन्न पदों पर तैनात 7 अधिकारियों के तबादले किए हैं। इस आदेश के बाद प्रदेश के तीन जिलों को नए जिला शिक्षा अधिकारी मिलेंगे। इसमें सूरजपुर, बेमेतरा और धमतरी जिला शामिल है। जारी किए गए आदेश के अनुसार, अजय मिश्रा को सूरजपुर का डीईओ बनाया गया है। वे सरगुजा शिक्षा संभाग में सहायक संचालक थे। अभय जायसवाल को धमतरी जिले का शिक्षा अधिकारी नियुक्त किया गया है। वे फिलहाल लोक शिक्षण संचालनालय में सहायक संचालक के रूप में सेवाएं दे रहे हैं। बेमेतरा जिले की कमान गेंदराम चतुर्वेदी को सौंपी गई है। वे यहां के नवीन जिला शिक्षा अधिकारी होंगे। वर्तमान में बलरामपुर के तखतपुर में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यरत हैं।

#### एक माह में ही बदला हेमंत का स्थानांतरण आदेश

सरगुजा शिक्षा संभाग के प्रभारी संयुक्त संचालक हेमंत उपाध्याय को जुलाई माह में आदेश जारी कर लोक शिक्षण संचालनालय में स्थानांतरित किया गया था। अब उक्त आदेश में संशोधन करते हुए उन्हें दुर्ग शिक्षा संभाग का प्रभारी संयुक्त संचालक नियुक्त किया गया है। एक माह के भीतर ही स्कूल शिक्षा विभाग ने अपना आदेश बदल दिया है। अन्य नियुक्तियों में रूपलाल ठाकुर को डीपीआई को उप संचालक बनाया गया है। वहीं भारती वर्मा को समग्र शिक्षा कार्यालय रायपुर में सहायक संचालक के पद पर नियुक्ति दी गई है। डॉ.कमल कपूर को डाइट बेमेतर का उप प्राचार्य बनाया गया है।

**रंगमंदिर के सामने नारेबाजी प्रदर्शन**

# मितानिनों ने गांधी सदन से कलेक्टोरेट के लिए निकाली रैली, पुलिस ने आगे बढ़ने से रोका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ रायपुर के आव्हान पर छत्तीसगढ़ के 33 जिलों की मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक कोआर्डिनेटर मंगलवार को राजधानी रायपुर के महात्मा गांधी सदन से जिला कलेक्टोरेट के लिए रैली निकालने एकत्र हुए। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को आगे बढ़ने से रोक दिया। इससे नाराज मितानिनों ने रंगमंदिर के सामने जमकर प्रदर्शन किया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविलयन की मांग और मितानिन कार्य का संचालन एनजीओ को दिये जाने का विरोध करते हुए नारेबाजी की। इस दौरान उन्होंने केन्द्र सरकार हाय-हाय, अगले चुनाव में बाय-बाय के नारे भी लगाये।

3 सूत्रीय मांगों लेकर मितानिनों ने शासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर जिलेवार धरना प्रदर्शन कर रहे मितानिन मंगलवार को राजधानी पहुंचकर महात्मा गांधी सदन से कलेक्टोरेट कूच करने रैली निकालने जुटे। जिला प्रशासन ने उन्हें शहर के बीच रैली निकालने की अनुमति नहीं दी। प्रदेशभर के विभिन्न जिलों से पहुंची मितानिन को पुलिस ने गांधी सदन के सामने आगे बढ़ने से रोक दिया। नाराज मितानिन रंगमंदिर के पास जाकर प्रदर्शन करने लगीं। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस के जवान और महिला पुलिस कर्मचारी आंदोलन स्थल पर मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से रैली में शामिल होने आए मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक,हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक कोआर्डिनेटर रंगमंदिर के सामने घंटों प्रदर्शन किया। पुलिस की समझाइश के बाद संघ के 5 प्रतिनिधि जिला कलेक्टोरेट पहुंचे और अपने लंबित मांगों के संबंध में जिला प्रशासन के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

#### 7 अगस्त से कलमबंद काम बंद हड़ताल

3 सूत्रीय मांग को लेकर प्रदेशभर की मितानिन 7 अगस्त से कामबंद, कलमबंद हड़ताल कर अपने हक की आवाज बुलंद करने धरना दे रहे हैं। पहले उन्होंने संभागवार नवा रायपुर के तूता धरना स्थल में प्रदर्शन कर शासन का ध्यान अपने लंबित मांगों के प्रति आकर्षित कराया। इसके बाद 12 अगस्त से धरना स्थल पर जिला स्तरीय प्रदर्शन कर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविलयन, मानदेय क्षतिपूर्ति में 50 फीसदी बढ़ोतरी और ठेका प्रथा बंद करने की मांग पूरा कराने प्रदर्शन कर रही हैं। मितानिनों ने बुधवार को ज्ञापन सौंपकर शासन को लंबित मांग पूरा करने 7 दिन का अल्टीमेटम दिया है। इस अवधि में मांग पूरी नहीं होने पर प्रदेश भर की मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक कोआर्डिनेटर मुख्यमंत्री निवास और स्वास्थ्य मंत्री के निवास का घेराव करेंगी।






हरिभूमि
रायपुर, बुधवार 20 अगस्त 2025
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



> शिवनाथ नदी के महमरा एनीकट पर एक युवक ने सोमवार को अचानक "हर-हर महादेव" का नारा लगाते हुए नदी में छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, युवक को बचाने की कोशिश की गई, लेकिन नदी की तेज धार में बह जाने के कारण उसे नहीं बचाया जा सका। घटना के बाद हरिभूमि टीम ने राजधानी के मनोचिकित्सकों से चर्चा की। विशेषज्ञों का कहना है कि समाज में आत्महत्या जैसे कदम उठाने को लेकर लोगों का संकोच कम होता जा रहा है। नशा, तनाव और मानसिक दबाव की स्थिति में लोग बिना सोचे-समझे जीवन समाप्त करने की ओर बढ़ रहे हैं, जो गंभीर चिंता का विषय है। व्यक्ति सभी समस्याओं का निवारण आत्महत्या समझने लगा है, जो अब बच्चों से लेकर बड़े-बुजुर्गों में यह मानसिकता देखने को मिल रहा।

# युवाओं में तनाव-अकेलेपन ने बढ़ाई आत्महत्या की प्रवृत्ति, संवाद और सहयोग ही है समाधान

**रायपुर।** आधुनिक जीवनशैली और सामाजिक बदलावों के चलते व्यक्ति खुद को इतना अकेला महसूस करने लगे हैं कि आत्महत्या जैसे गंभीर कदम भी अब बिना झिझक उठाए जा रहे हैं। मनोवैज्ञानिकों के अनुसार, लोगों में असफलता और सामान्य तनाव को सहने की क्षमता लगातार घटती जा रही है, जिससे मानसिक अस्थिरता बढ़ रही हैं। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि अगर समय रहते मानसिक रूप से मजबूत माहौल नहीं तैयार किया गया तो व्यक्तियों में आत्मघाती प्रवृत्तियां बढ़ सकती हैं। इससे बचने के लिए बच्चों में बेहतर परवरिश की आवश्यकता है, ताकि बचपन से ही भावनात्मक रूप से सशक्त किया जा सके और तनाव से निपटने की सही समझ हो।

## मनोवैज्ञानिक की सलाह- बच्चों को दें असफलता से लड़ने की हिम्मत, न कि भागने का रास्ता




### अगर जीवन में असफलता मिले तो उससे कैसे निपटना, बच्चों को सिखाएं

पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज की मनोवैज्ञानिक डॉ. सुरभि दुबे ने कहा कि आजकल लोगों को यह भ्रम हो गया है कि उनके नहीं रहने से समस्याएं खत्म हो जाएंगी। यहां तक कि कई युवाओं को लगता है कि उनके माता-पिता या परिजन भी उनकी अनुपस्थिति को लेकर ज्यादा परेशान नहीं होंगे। इन दिनों माता-पिता बचपन से ही बच्चों को सफलता की ओर बढ़ने के लिए प्रेरित करते हैं, लेकिन वे यह सिखाना भूल जाते हैं कि अगर जीवन में असफलता मिले तो उससे कैसे निपटना है। यही कमी आगे चलकर आत्महत्या जैसे फैसलों की वजह बनती हैं। मानसिक रूप से परेशान होने पर व्यक्ति के दिनचर्या में बदलाव, नींद न आना, भूख कम लगना, अकेले रहना, छोटी-छोटी बातों पर तनाव लेना और चिड़चिड़ापन होने लगता है। इन लक्षणों को नजरअंदाज न करें और समय रहते मानसिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ से संपर्क करें।



### जीवन की चुनौतियों से भागना नहीं, सामना करना सीखें

मनोवैज्ञानिक अरुणा जैन ने हरिभूमि से चर्चा में बताया कि पहले लोग समस्याओं के समय अपने दोस्तों, भाई-बहनों या परिजनों से सलाह लिया करते थे, लेकिन अब व्यक्ति खुद में ही सिमटता जा रहा है, जिससे मानसिक दबाव और तनाव बढ़ता जा रहा है। उन्होंने कहा कि अकेलापन आत्मघाती प्रवृत्तियों को जन्म देता है। इस स्थिति से बचने के लिए जरूरी है कि लोग अपने करीबियों के साथ समय बिताना शुरू करें और जीवन की असफलताओं का सामना करें। किसी भी समस्या का समाधान आत्महत्या नहीं हो सकता। मानसिक तनाव के समय संवाद, सहयोग और सकारात्मक सोच ही एकमात्र रास्ता है। मानसिक स्वास्थ्य को गंभीरता से लें और ऐसे लोगों को समय रहते भावनात्मक सहारा देने से बचाव किया जा सकता है।

### 12 से 15 वर्ष के बच्चों में बढ़ा मानसिक दबाव

डॉ. भीमराव आंबेडकर मेमोरियल अस्पताल के शिशुरोग विशेषज्ञ डॉ. आकाश लालवानी ने हरिभूमि से चर्चा के दौरान बताया कि आत्महत्या की प्रवृत्ति अब केवल युवाओं तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह मानसिकता अब बच्चों में भी देखी जा रही है। 12 से 15 वर्ष के बच्चों में मानसिक दबाव इतना अधिक हो गया है कि वे भी आत्मघाती कदम उठाने लगे हैं। इसके पीछे अकेलापन, नींद की कमी, जरूरत से ज्यादा स्क्रीन टाइम और असफलता को स्वीकारने की कमी जैसे प्रमुख कारण हैं। उन्होंने बताया कि इन दिनों कम उम्र के बच्चों की मानसिकता 18-20 साल के युवाओं जैसी होती जा रही है। वे कम उम्र में ही ऑनलाइन ट्रेडिंग जैसे प्लेटफॉर्म्स के जरिए पैसे कमाने की सोच रखने लगे हैं, लेकिन जब इसमें नुकसान होता है तो वे उस झटके को सहन नहीं कर पाते और मानसिक रूप से टूट जाते हैं। वही दूसरों की सफलता, सोशल मीडिया में दूसरों का खुशहाल जीवन, परीक्षा में असफलता और माता-पिता के बातों पर खरा न उतरना बच्चों के आत्महत्या का प्रमुख कारण है।

## लाइव इवेंट

### हेड कांस्टेबल के पदों पर निकली भर्ती, आवेदन 24 अगस्त से शुरू



**रायपुर।** बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स की ओर से हेड कांस्टेबल (रेडियो ऑपरेटर) और हेड कांस्टेबल (रेडियो मैकेनिक) के पदों पर भर्ती के लिए ऑफिशियल नोटिफिकेशन जारी किया गया है। हालांकि **BSF HC RO/RM** के पदों पर आवेदन प्रक्रिया अभी शुरू नहीं हुई है। इन पदों पर ऑनलाइन आवेदन 24 अगस्त से शुरू हो जाएंगे। बता दें, बीएसएफ की ओर से इन पदों पर भर्ती के लिए कुल 1121 पदों पर योग्य उम्मीदवारों की नियुक्ति की जाएगी, जिसमें **BSF HC RO** के लिए कुल 910 पद और **BSF HC RM** के लिए कुल 211 पद खाली है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार आधिकारिक वेबसाइट **bsf.gov.in** पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। इन पदों पर चयनित उम्मीदवारों को प्रतिमाह 25,500 रुपए से लेकर 81,100 रुपए तक प्रतिमाह प्रदान किए जाएंगे।

#### आयु सीमा

आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष निर्धारित की गई है। हालांकि उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी प्रदान की गई है। एससी एवं एसटी उम्मीदवारों को आयु-सीमा में 5 वर्ष की छूट और ओबीसी उम्मीदवारों को आयु-सीमा में 3 वर्ष की छूट प्रदान की गई है।आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान भी करना होगा। सामान्य, ओबीसी और ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए आवेदन शुल्क 100 रुपए निर्धारित किया है। जबकि एससी एवं एसटी, महिला और दिव्यांग उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क में छूट प्रदान की गई है।

#### शैक्षणिक योग्यता

हेड कांस्टेबल (रेडियो ऑपरेटर) के पद पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों ने भौतिकी, रसायन और गणित विषय से कक्षा बारहवीं न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। या फिर उम्मीदवारों ने कक्षा दसवीं उत्तीर्ण की हो और उम्मीदवारों के पास रेडियो एंड टेलिविजन, इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग आदि विषय में दो वर्षीय ट्रेनिंग सर्टिफिकेट होना चाहिए। हेड कांस्टेबल (रेडियो मैकेनिक) के पद पर आवेदन करने के लिए उम्मीदवारों ने भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से भौतिकी, रसायन और गणित विषय से कक्षा बारहवीं न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ उत्तीर्ण की हो। इसके अतिरिक्त उम्मीदवारों के पास रेडियो एंड टेलिविजन, जनरल इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर ऑपरेटर एंड प्रोग्रामिंग असिस्टेंट आदि विषय में दो वर्षीय सर्टिफिकेट कोर्स किया हो।

## सिटी इवेंट

### आजादी की लड़ाई में महिला सेनानियों ने अंग्रेजी हुकूमत को दी थी चुनौती



**छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव में दो दिवसीय संगोष्ठी का समापन**

**रायपुर।** संस्कृति विभाग, पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय के संयुक्त तत्वावधान में हुई छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत दो दिवसीय संगोष्ठी का समापन किया गया। महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय के सभागार में स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ का योगदान विषय पर 18 व 19 अगस्त को आयोजित संगोष्ठी द्वितीय सत्र का दोपहर 2.30 से शाम 5 बजे संग्रहालय के सभागार में संपन्न हुई। मंगलवार को स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ का योगदान विषय पर हुई संगोष्ठी के द्वितीय सत्र में शासकीय महाविद्यालय खरोरा की प्राचार्य डॉ. शम्पा चौबे ने स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ की महिला सेनानियों के योगदान पर बात करते हुए डॉ. राधाबाई, केकती बाई, केला बाई, रोमी बाई सहित अन्य महिला सेनानियों का आजादी की लड़ाई में योगदान, सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष और शिक्षा के प्रसार को रेखांकित किया।

उन्होंने बताया कि प्रदेश की महिला सेनानियों ने महिलाओं को संगठित व शिक्षित बनाकर नारी सशक्तिकरण की मशाल जलाई। संगोष्ठी में दूसरे वक्ता डॉ. ऋषिराज पांडेय, सहायक प्राध्यापक, गोविंद सारंग विधि महाविद्यालय भाटापारा ने स्वाधीनता आंदोलन और समाज सुधार में पं. सुंदरलाल शर्मा के योगदान पर बात करते हुए श्री शर्मा के व्यक्तित्व, कृतित्व और उल्लेखनीय कार्यों की जानकारी दी।

#### 1957 से 1947 तक बस्तर में चली आजादी की बयार

पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर के इतिहास अध्ययनशाला में सहायक प्राध्यापक डॉ. डीएन खूंटे ने प्रथम स्वतंत्रता आंदोलन 1957 से लेकर 1947 तक बस्तर में हुए आंदोलनों की आजादी की लड़ाई में भूमिका पर विस्तार से बात की। राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर में इतिहास विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. अजय पाल सिंह ने सरगुजा में राष्ट्रीय आंदोलनों के प्रभाव की चर्चा की।

#### प्रो. निगम ने दिया समीक्षा वक्तव्य

सत्र की अध्यक्षता श्रीशंकराचार्य प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी भिलाई के पूर्व कुलपति प्रो. एलएस. निगम ने की। उन्होंने सभी वक्ताओं के वक्तव्य की समीक्षा करते हुए अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता आंदोलन में छत्तीसगढ़ के योगदान को रेखांकित किया। संचालक विवेक आचार्य के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम के प्रभारी अधिकारी डॉ. पीसी पारख, उप संचालक ने अतिथि विद्वानों का स्वागत किया और प्रभात कुमार सिंह पुरातत्ववेत्ता ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानी परिवार के विनोद कुमार दीक्षित, शकुंतला तिवारी और मनोहर खंडेलवाल, प्रदेशाध्यक्ष छत्तीसगढ़ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संघ के विभाग द्वारा अभिनंदन किया गया।

## विद्यार्थियों में पूर्वानुमान, आलोचनात्मक सोच निर्णय लेने और सीखने की प्रवृत्ति जरूरी

**राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान का एक दिवसीय व्याख्यान**

**रायपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान की इनोवेशन सेल द्वारा एक दिवसीय व्याख्यान का आयोजन किया गया, जिसका विषय 'अपनी सर्वश्रेष्ठ रचनात्मकता को कैसे उजागर करें" रखा गया। कार्यशाला की मुख्य व्याख्याता यूके के लक्जमबर्ग स्कूल ऑफ बिज़नेस की एडजंक्ट प्रोफेसर डॉ. मेघा अग्रवाल उपस्थित रहीं। सत्र की शुरुआत रचनात्मकता और स्ट्रैटेजिक थिंकिंग के महत्व से हुई। उन्होंने बताया कि कैसे रणनीतिक चिंतन एक चक्रीय प्रक्रिया है, जिसमें पूर्वानुमान, आलोचनात्मक सोच, निर्णय लेना और सीखना शामिल है। इस दौरान 22 से 25 अगस्त को हैदराबाद में आयोजित एशिया-पैसिफिक बायोडिजाइन इनोवेशन समिट-2025 का उल्लेख किया गया, जिसमें 24 अगस्त को आमजन के लिए प्रवेश रहेगा। इस शिखर सम्मेलन में कई देशों के इनोवेटर्स और नीति-निर्माताओं की उपस्थिति एक महत्वपूर्ण वैश्विक मंच तैयार करेगी।



### बेहतर स्वास्थ्य तकनीकों का मिलेगा लाभ

डॉ. अग्रवाल ने अपने शोध कार्यों का अनुभव साझा करते हुए बीएआरडी तकनीक और स्टैनफोर्ड बायोडिजाइन फ्रेमवर्क को सरल शब्दों में समझाने का प्रयास किया। सत्र के दौरान छत्तीसगढ़ बायोडिजाइन पहल की जानकारी दी गई, जिसे प्रो. अनुराग मैरल के सहयोग से प्रारंभ किया गया था। इस प्रोजेक्ट के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को कम खर्च पर ही बेहतर स्वास्थ्य तकनीकों का लाभ मिलेगा। इस मौके पर व्याख्याता ने विद्यार्थियों को समाधान, संदेहवादी, नए दृष्टिकोण के साथ जीवन जीने की सलाह दी। साथ ही ड्राइ जैसी लोकप्रिय किताब के प्रमुख सिद्धांत जैसे स्वराज्य, दक्षता और उद्देश्य के साथ रहने की बात की गई। कार्यक्रम का मार्गदर्शन आई-सेल के फैकल्टी डॉ. सौरभ गुप्ता ने किया। इस मौके पर सौ से अधिक विद्यार्थी व्याख्यान में शामिल हुए।

## विद्यार्थियों को उद्यमिता, वित्तीय प्रबंधन और औद्योगिक नीति की जानकारी



**रायपुर।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के इंस्टीट्यूट इनोवेशन काउंसिल, इलेक्ट्रॉनिक्स, फोटोनिक्स अध्ययनशाला और प्रबंधन संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। यह सत्र "प्रारंभिक चरण के उद्यमियों के लिए एंजल निवेश, वीसी फंडिंग का अवसर" विषय पर केंद्रित रहा, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों एवं नवोदित उद्यमियों को उद्यमिता, वित्तीय प्रबंधन व औद्योगिक नीति की बारीकियों से अवगत कराना रहा। बतौर मुख्य वक्ता चार्टर्ड अकाउंटेंट दीपक जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल के मार्गदर्शन में हुआ।

### उद्यमियों के लिए एंजेल निवेश वीसी फंडिंग के महत्व पर जोर

व्याख्याता दीपक जैन ने उद्यमिता, व्यवसाय वृद्धि और औद्योगिक विकास से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं को सरल व प्रभावी शैली में प्रस्तुत किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि एंजेल निवेशक वे व्यक्ति होते हैं, जो प्रारंभिक चरण के स्टार्टअप्स में निजी पूंजी निवेश करते हैं, साथ ही व्यवसायिक मार्गदर्शन व नेटवर्किंग भी प्रदान करते हैं। वहीं वेंचर कैपिटल उन संस्थागत निवेशों को कहा जाता है, जो उच्च विकास क्षमता वाले स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता प्रदान करते हैं, जिससे वे अपने व्यवसाय का विस्तार कर सकें।

## कार्नर न्यूज

**एक दिवसीय इको-फ्रेंडली गणेश मूर्ति निर्माण कार्यशाला, बच्चे से बुजुर्गों तक ने हिस्सा लिया**

# बच्चों को सिखाई प्रतिमा निर्माण की तकनीक, ढांचे से लेकर चेहरे की बनावट तक दिया लाइव प्रशिक्षण

*रायपुर। शिकारपुरी महिला मंडल की ओर से समता कॉलोनी स्थित सामाजिक सभागार में एक दिवसीय इको-फ्रेंडली गणेश मूर्ति निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रतिभागियों को शुद्ध गंगा मिट्टी से भगवान गणेश की प्रतिमा बनाने की विधि सिखाई गई। मूर्ति कलाकार नेहा के मार्गदर्शन में 30 से अधिक प्रतिभागियों ने प्रतिमाएं तैयार कीं। वहीं कार्यशाला में प्रतिमा के ढांचे, चेहरे की आकृति और बनावट पर विशेष ध्यान दिया गया। संस्था की अध्यक्ष राधिका आहूजा ने बताया कि इको-फ्रेंडली गणेश प्रतिमा से पर्यावरण को नुकसान नहीं होता और इसे गणेश चतुर्थी के बाद भी सुरक्षित रखा जा सकता है। इस आयोजन में बच्चों से लेकर बुजुर्ग महिलाओं तक ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागियों को क्रमबद्ध रूप से मूर्ति निर्माण की तकनीक सिखाई गई, ताकि आने वाले वर्षों में भी वे स्वयं सुंदर प्रतिमाएं तैयार कर सकें।*





**पारंपरिक कला को संजोए रखने का उद्देश्य** : पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और पारंपरिक कला को संजोए रखने के उद्देश्य से शिकारपुरी महिला मंडल द्वारा आयोजित इको-फ्रेंडली गणेश मूर्ति निर्माण कार्यशाला में परिजन अपने बच्चों के साथ पहुंचे। बच्चों और माताओं ने साथ मिलकर मूर्ति निर्माण की कला सीखी। वहीं शहर की बुजुर्ग महिलाएं भी उत्साह के साथ इस कार्य में भाग लेती दिखीं। कार्यक्रम में पारिवारिक जुड़ाव और सामूहिक प्रयास देखने को मिला, जिसमें सभी उम्र के लोगों ने मिट्टी से बनी गणेश प्रतिमाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।

### गणेश चतुर्थी से पहले इको फ्रेंडली गणपति तैयार

कार्यशाला में बनी प्रतिमाओं को 2-3 दिनों तक बेहतर ढंग से पकाया जाएगा, उसके बाद रंगरोगन कर सजाया जाएगा। यह प्रक्रिया लगभग एक सप्ताह तक चलेगी, जिसके बाद प्रतिमाएं नंबर के अनुसार प्रतिभागियों में वितरित की जाएंगी। मंडल की सचिव एकता छाबरिया और उपाध्यक्ष मंजू बजाज ने बताया कि गणेशजी की पूजा-आराधना 11 दिनों तक करने के बाद इन्हें मिट्टी में विसर्जित किया जा सकता है, जिससे मिट्टी का पुनः उपयोग करके पेड़ लगाना संभव हो सकेगा। इस कार्यक्रम में परिजन अपने बच्चों के साथ भी पहुंचे और गंभीरता से मिट्टी से प्रतिमा निर्माण में भाग लिया, जिससे यह खास पल यादगार बन गया। कार्यशाला में पारंपरिक कला को जीवित रखने का प्रयास और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया।

## सोशल लाइव

## स्कूल बैग, स्टेशनरी, चॉकलेट मिली तो गदगद हो गए बच्चे



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन महिला मंडल ने शासकीय नवीन प्राथमिक शाला शुक्लाभांठा पिरदा के छात्र-छात्राओं को स्कूल बैग, स्टेशनरी, बिस्किट्स, चॉकलेट एवं कॉपियां प्रदान कीं। इसके अलावा ऑफिस के लिए 6 चेयर और क्लास के लिए 2 व्हाइट बोर्ड भी दिए गए। सामग्री मिलते ही बच्चों के चेहरे खिल उठे तथा महिला मंडल की उदारता एवं स्नेह की उन्होंने प्रशंसा की। इस अवसर पर मुख्य रूप से बिंदू बग्गा, संतोष सूरी, उर्मिला अरोड़ा, संतोष बग्गा, किरण बत्रा, अध्यक्ष रेनू गुप्ता, सचिव मीना बजाज, कोषाध्यक्ष उमा डूडेजा, उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी बजाज, पूर्व अध्यक्ष अनीता किंगर, रीता चोपड़ा, अनामिका खन्ना आदि उपस्थित रहीं।

**छग पंजाबी सनातन महिला मंडल ने शासकीय नवीन प्राथमिक शाला शुक्लाभांठा पिरदा के स्कूली बच्चों को बांटे उपहार**

## शिक्षा लाइव

## इंडक्शन प्रोग्राम में स्टूडेंट्स को बताए तनाव से उबरने के उपाय



**रायपुर।** शासकीय सह शिक्षा पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में प्रबोधन कार्यक्रम इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया है। 21 दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम में दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि वक्ता राजीव चौधरी डीन, स्टूडेंट वेलफेयर शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में शासकीय सह शिक्षा पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को जीवन की बढ़ती जटिलता और तनाव से उबरने का उपाया बताया। उन्होंने कहा कि हमने इस चुनौती के बीच छात्र-छात्राओं को एक नए आंदोलन से जीवन के प्रति समग्र दृष्टिकोण को बढ़ावा देने का अभियान शुरू किया है। यह पहल जीवन के शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक पहलुओं को संतुलित और समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध बनाती है। राजीव चौधरी ने कहा कि जीवन की समग्रता को अपनाकर, हम अपनी पूर्ण क्षमता के साथ और अधिक सामंजस्यपूर्ण, अर्थपूर्ण जीवन जी सकते हैं। उद्बोधन कार्यक्रम में महाविद्यालय की ओर से प्राचार्य डॉ. ममता पटेल, विभागाध्यक्ष डॉ. शमीना बानो, निधि शर्मा, भूनंदनी साहू, दीपक भोई, आयुषी चंद्राकर एवं कविता साहू उपस्थित रहे।

**शासकीय सह शिक्षा पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में 21 दिवसीय इंडक्शन प्रोग्राम**

## धर्म लाइव

## तीज महोत्सव में मेधावी छात्रों का सम्मान महिलाओं ने दी पारंपरिक नृत्य की प्रस्तुति



**रायपुर।** श्री पशुपतिनाथ नेपाली सेवा समिति की ओर से मंगलवार को डडसेना कलार संघ में तीज महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में समाज के लोगों ने सामाजिक विकास पर चर्चा की, जिसमें युवाओं ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। इसी अवसर पर कक्षा 5वीं, 8वीं और 10वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया।

समाज के वरिष्ठजनों ने बच्चों को सकारात्मक सोच और दृढ़ संकल्प के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी और उनका मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने पारंपरिक नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुति देकर वातावरण को उत्सवमय बना दिया।

### ये रहे उपस्थित

कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष कृष्ण क्षेत्री, उपाध्यक्ष सुक बहादुर सिंह व महिला उपाध्यक्ष रेणु क्षेत्री, कोषाध्यक्ष योजन शर्मा व दिनेश घिमिरे, सचिव हरिप्रसाद शर्मा व सविता क्षेत्री इसके अलावा रामप्रसाद भूसाल, उमाशंकर क्षेत्री, ईश्वरी शर्मा, नेहा थापा, शिवानी गौतम व वंदना क्षेत्री शामिल रहे।

**'भूलन कांदा' से लेकर रायपुर की धरोहर तक गूंजी किस्सों की महफ़िल, नाट्य मंचन ने बांधा समा**

# 'नई सभ्यता, नए नमूने' नाटक ने समझाया प्यार का अर्थ 'टैक्स फ्री' ने सिखाया अंधकार में भी मुस्कुराना



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के दूसरे दिन स्कूल के दिव्यांग बच्चों, नाट्य संस्था द्वारा नाटक शास्त्री चौक स्थित टाउनहॉल में आयोजित किए गए। शाम के 6.30 बजे जब शासकीय दृष्टि एवं श्रावण बाधित विद्यालय के दिव्यांग बच्चे स्टेज पर आए तो नाटक शुरू होने से पहले ही तालियां बजने लगीं। कार्यक्रम आगे बढ़ा और रसरंग राजा के साथी पान, सिगरेट, ड्रग्स, शराब आते, राजा कहता, ये मेरे साथी जैसे, देश मीठा जहर के नाम से इनका सेवन करता है। इतने में तंबाकू कहता, मैं तम्बाकू, मुझे सस्ते दामों पर हर चौराहे से खरीद सकते हो, इसलिए तो छोटे बच्चे आसानी से मेरे जाल में फंस गए हैं। दर्शक ध्यान से देखते, इतने में गाना बजता है, ओ खाइके पान बनारस वाला, खुल जाए बंद अकल का ताला.. मैं हूं पान, जिसके निशान रोड, सार्वजनिक जगहों और चौक-चौराहों के दीवारों पर लाल रंगीन मिल जाते हैं। शराब कहती मैं....हर पार्टी और दुकानों पर मिल जाती हूं, जो इसे पीता, पूरी दुनिया भुला देता, इसलिए तो इतने रोड एक्सीडेंट होते हैं। रुक-रुक, मैं हूं ड्रग्स, जो कॉलेज के छात्रों की नस-नस में बसी हूं, इसलिए तो वो कॉलेज छोड़ मेरे पास आते हैं। कुछ इस अंदाज में छोटे-छोटे बच्चों ने नशामुक्त समाज का संदेश दिया। हंसते-हंसते दर्शक बच्चों के संदेश को समझा।






### नई सभ्यता नए नमूने नाटक से दिया प्रेम का संदेश

कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए दूसरा नाटक नई सभ्यता, नए नमूने के सात कलाकरों ने आज के दौर के प्यार के बारे में बताया और असली प्यार का मतलब समझाया। नाटक शुरू होता है। नाटक का पात्र कन्हैया नई-नई लड़कियों को अपने प्यार के जाल में फंसाता और मीठी बातों से उन्हें लुभाता कि फिल्म में उसे रोल मिलेगा और उनसे पैसे वसूल करता। इन बातों से लड़कियां अंजान, उसे पैसे देतीं, कुछ समय बाद कन्हैया की सच्चाई सामने आ जाती और लड़कियां उसे चोर, फरेबी बोलकर अपने पैसे वापस मांगतीं। हालात से लाचार कन्हैया सबको सच्चाई बताता है कि उसने ये सब अपनी बहन के इलाज के लिए किया, क्योंकि उसके पास पैसे नहीं थे। नाटक के अंत में दर्शकों को संदेश दिया कि आज के दौर में भी सच्चा प्यार किया जा सकता है और उसकी खुशी के लिए आप हर प्रयास करते हैं। तीनों नाटकों के लिए दर्शक ने खूब तालियां बजाईं और कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।



### बसंती... इन कुत्तों के सामने मत नाचना

नाट्य आटपाट थिएटर द्वारा ब्लाइंड क्लब टैक्स फ्री नाटक का मंचन किया। चारों साथियों की नजरें आडियंस की ओर केंजले मास्टर, रघु, जग्गू और माधव टीवी पर शोले फिल्म देख रहे होते हैं। दर्शक हैरान कि टीवी पर मूवी चल रही और काले चश्मे पहने ये मूवी को एन्जॉय कर रहे। इतने में टीवी से आवाज आती है, बंसती इन कुत्तों के सामने मत नाचना। सीन को देखकर मास्टर केंजले कहते हैं- बसंती नाचे या नहीं, हमें क्या, हम तो देख ही नहीं सकते। बैठे दर्शक हैरान और अचरज कि ये अंधे होकर भी मूवी को ऐसे एन्जॉय कर रहे, मानो एक-एक पल को खुशी के साथ जी रहे हैं। पहले ही दृश्य ने नाटक का सार बता दिया। नाटक की कहानी ब्लाइंड मेन्स क्लब से शुरू होती है, जहां कुछ फीस देकर ब्लाइंड का मनोरंजन किया जाता है।

### हंसते-हंसते जीने का मतलब समझाया

मनोरंजन ऐसा कि क्लब चलाने वाले मास्टर ने मुख्य दरवाजा फर्श से 5 फीट ऊंचा रखा, ताकि ब्लाइंड व्यक्ति के अलावा कोई और क्लब में इंट्री न कर सके। इंट्री होती हैं काले की, जो क्लब में एंजाय करने आया, इतने में लड़की की बात होने लगती है, जिससे काले का मन बोलता है कि थोड़े मजे मैं भी कर लेता हूं। नाटक के दौरान तीनों बोलते, कभी किसी को नहाते देखा है, छोड़ो कहां से देखा होगा, चलो आज सुन लो, फिर जग्गू रेडियो से टिप-टिप बरसा पानी... सॉन्ग बजा देता और दर्शक जोर-जोर से हंसने लगते हैं। लगभग 40 मिनट की प्रस्तुति में ब्लाइंड क्लब के मेंबर ने हंसते-हंसते जीने का मतलब समझाया और संदेश दिया कि हर परिस्थिति में एंजाय कर सकते हैं।

# अत्यधिक आसक्ति ही चिंता भय और अशांति का मूल कारण

**रायपुर।** श्री जिनकुशल सूरी दादाबाड़ी में आत्मोत्थान चातुर्मास 2025 के अंतर्गत आयोजित प्रवचनमाला में सोमवार को हंसकीर्ति श्रीजी ने धर्मरत्न प्रकरण ग्रंथ का वाचन करते हुए कहा कि इस संसार में राग अर्थात वस्तुओं, व्यक्तियों या परिस्थितियों के प्रति अत्यधिक आसक्ति ही चिंता, भय और अशांति का मूल कारण है। जब हम किसी चीज के साथ गहरा जुड़ाव बना लेते हैं तो उसके खोने या बिगड़ने का भय हमें भीतर से विचलित कर देता है। उस समय चिंता करना स्वाभाविक प्रतीत होता है, परंतु यह किसी भी समस्या का समाधान नहीं देता, बल्कि उलझन तथा तनाव को और गहरा बना देता है। इसलिए आवश्यक है कि हम चिंता में डूबने के बजाय स्थिति का सही मूल्यांकन करें और समाधान की ओर कदम बढ़ाएं।



### जीवन में धर्म का अनुसरण ही सच्चा कल्याण

आम्रपाली सोसायटी स्थित श्री अभिनंदन स्वामी मंदिर परिसर में चल रही महाभारत कथा प्रवचन श्रृंखला में मंगलवार को मुनिराज श्री शोभनतिलक विजयजी महाराज ने श्रद्धालुओं को धर्म, आत्मसंयम और विवेक के महत्व पर गहन प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मनुष्य को सदैव अपनी भूमिका के अनुरूप व्यवहार करना चाहिए, क्योंकि आवेश में लिया गया निर्णय न केवल स्वयं को, बल्कि समाज को भी हानि पहुंचा सकता है। मुनिश्री ने स्पष्ट किया कि हर व्यक्ति के जीवन में दुख का कारण उसके अपने ही कर्म होते हैं। उन्होंने कहा, दुख जीवन का हिस्सा है, लेकिन जब मनुष्य आत्मा और परमात्मा से जुड़ता है, तभी वह उन दुखों को पार करने की शक्ति प्राप्त करता है। उन्होंने आगाह किया कि क्रोध और आवेश कई बार व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता को खत्म कर देते हैं, जिससे वह अधूरी जानकारी पर प्रतिक्रिया करता है, जो कि घातक सिद्ध हो सकती है।



### पाप से ऊंचा है पुण्य और पुण्य से बढ़कर है धर्म

टैगोर नगर पटवा भवन में जारी चातुर्मासिक प्रवचनमाला में मंगलवार को उपाध्याय भगवंत युवा मनीषी मनीष सागरजी महाराज ने कहा कि 20 अगस्त से पर्यूषण पर्व शुरू हो रहा है।



इन आठ दिनों में सभी अपनी जीवनशैली को बदलने का प्रयास करें। पर्यूषण पर्व चेतना की जागृति के लिए है। आत्मा के कल्याण और निर्मलता के लिए है। राग-द्वेष कम करने व दया, दान के भाव बढ़ाने के लिए सही लक्ष्य है। इसी को और बढ़ाना है। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि पाप, पुण्य और धर्म के तीन ऑप्शन हर व्यक्ति के पास हैं। व्यक्ति अपने सुविधानुसार किसी भी परिस्थिति में जी सकता है। ज्ञानियों की दृष्टि में पाप से ऊंचा है पुण्य, और पुण्य से बढ़कर है धर्म। धर्म मतलब धारण करना। जो स्वभाव है, उसका नाम धर्म है। नमक का भी अपना स्वभाव खरास है तो शक्कर का अपना स्वभाव मिठास है।

# जब जीव में आता है अभिमान उनसे दूर हो जाते हैं भगवान

**रायपुर।** कुशालपुर स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन मंगलवार को कथा प्रारंभ करते हुए कथाव्यास आचार्य रामप्रताप शास्त्री महाराज ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम रासलीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का परमात्मा के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं, काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। उन्होंने आगे बताया कि इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है, लेकिन वह भगवान को पराजित नहीं कर पाया। उसे ही परास्त होना पड़ा है। रासलीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है।

गोपी गीत पर बोलते हुए श्री शास्त्री ने कहा कि, जब तब जीव में अभिमान आता है, भगवान उनसे दूर हो जाते हैं, लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते हैं, उसे दर्शन देते हैं। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा भीष्मक की पुत्री



रुक्मिणी के साथ संपन्न हुआ, लेकिन रुक्मिणी को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मिणी स्वयं साक्षात लक्ष्मी हैं और वे नारायण से दूर रह ही नहीं सकतीं। यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक, नहीं तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए और जब कोई लक्ष्मीनारायण को पूजता है या उनकी सेवा करता है तो उन्हें भगवान की कृपा स्वतः ही प्राप्त हो जाती है। यह कार्यक्रम चंद्रशेखर शर्मा एवं समस्त शर्मा परिवार द्वारा किया जा रहा है। कथा सुनने बड़ी सख्या में श्रद्धालु यहां पहुंच रहे हैं।

**प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजऋषि भवन में मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव**

# 16 कलाओं में पूर्ण कृष्ण की लीलाओं संग किया महारास कारागार में हुए जन्म का बताया आध्यात्मिक रहस्य

**कार्नर न्यूज**

**रायपुर।** सभी मनुष्य आत्माएं काम, क्रौध, लोभ, मोह, अहंकार रुपी पांच विचारों के कारागार में है। निराकार परमात्मा शिव सभी मनुष्य आत्माओं को यह ज्ञान देते हैं कि आप सभी देह नहीं आत्मा हैं और आत्माओं को जब यह स्मृति आती है मैं देह नहीं आत्मा हूं और ऐसा समझ जब व्यवहार करते हैं तब सभी बुराईयां खुद ही दूर होने लगती है सर्वगुण संपन्न बन जाते हैं तभी नवीन सृष्टि सतयुग का उद्भव होता है।

यह गूढ़ बातें ब्रम्हकुमारी रुपाली बहन ने कारागार में हुए कृष्ण जन्म का आध्यात्मिक रहस्य बताते कही। इस अवसर पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुति दी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय राजऋषि भवन में कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर युक्ति और मौसमी ने कृष्ण का रुप धारण कर और चंद्राणी और जागृति ने राधा का रुप धारण कर महारास किया। शिखा और कुंजल भी बाल कृष्ण का रुप धारण किये हुए थे।





### 16 कलाओं में पूर्ण कृष्ण लीला

कृष्ण जन्माष्टमी और कृष्ण संग गोपियों की महारास का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए ब्रह्माकुमारी रुपाली ने बताया कि कृष्ण सर्वगुण संपन्न, 16 कलाओं में पूर्ण, संपूर्ण निर्विकारी, मर्यादा पुरुषोत्तम देवता है। जिनका जन्म मध्य रात्रि में कारागार में दिखाया जाता है। इस सृष्टि पर अनेक मनुष्य आत्माएं हैं जो भिन्न-भिन्न नाम और रूप धारण कर अपना-अपना पार्ट निभा रहें हैं। निराकार परमपिता परमात्मा शिव जो कि कलयुग के अंत और सतयुग के आदि पुरुषोत्तम संगमयुग पर सर्व मनुष्य आत्माओं को सर्वगुण संपन्न बनने की शिक्षा दे रहें है वह स्वयं से योग लगाकर सभी विकारों से मुक्त होने की विधि सिखाते हैं। वैसे तो सृष्टि पर सभी मनुष्य आत्माओं के अच्छे व बुरे भिन्न-भिन्न संस्कार है किंतु निराकार परमात्मा यह सिखाते है सभी मनुष्य आत्माएं अपना रोल निभा रहे है। जो मनुष्य आत्माएं भिन्न-भिन्न संस्कारों के वशीभूत आत्माओं के साथ प्रेम व सद्भाव पूर्ण व्यवहार करते हैं इसी को संस्कार मिलन का महारास कहा जाता है। जब हम इस समय ऐसे अपना पार्ट निभाने का अभ्यास करते हो तो आने वाली नई सृष्टि सतयुग में सुख और शांतिमय जीवन के अधिकारी बनते हैं।

### हर परिस्थिति में मक्खन की तरह हल्के बने रहे

कृष्ण सर्प को अधीन कर उसके ऊपर नृत्य करते हैं उसका रहस्य बताते हुए कहा कि आत्माओं में जो विकार है वही सांपों की भांति है। जब हम इसे परमात्मा की याद से अपने अधीन बना लेते हैं तब यह हमारी शैया बना जाती है। कृष्ण के मुख में मक्खन दिखाते हैं मक्खन हल्का होता है तो किसी भी परिस्थिति में हम स्वयं हल्के रहें। विभिन्न पर्व में अनेक झांकियां लगाई जाती है किंतु अब हमें स्वयं के अंदर झांक कर अपनी बुराइयों को समाप्त कर सद्गुणों को धारण करना है।

हेल्थ टिप्स

## रात को जल्दी सोने और सुबह जल्दी जगाने से बदल सकती है आपकी जिंदगी



आधी रात तक मोबाइल पर लगे रहना और देर से उठने की आदत ने ज्याददातर लोगों की सेहत को खराब कर दिया है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि जल्दी सोने और जल्दी उठने की आदत डालकर आप खुद को हेल्दीक रख सकती हैं।

आजकल की भागती दुनिया में, जहां देर रात तक काम करना या सोशल मीडिया पर लगे रहना काफी आम हो गया है, वहां जल्दी सोना और सुबह जल्दी उठना पुरानी परंपरा जैसा लगता है। लेकिन क्या आपको पता है कि यह सिर्फ एक अच्छी आदत नहीं हैं, बल्कि आपके फिजिकल और मेंटल हेल्थ की चाबी है? जब हम प्रकृति के नियम, यानी सूरज के उगने और ढलने के चक्र के अनुसार चलते हैं, तब हमारा शरीर खुद को अच्छी तरह से ठीक और तैयार कर पाता है। आइए इस आर्टिकल के माध्यचम वेट लॉस एक्संपर्ट और न्यूशट्रिशनिस्ट वाणी बता रही हैं कि जल्दी सोने और जल्दी उठने की आदत आपकी जिंदगी को कैसे बदल सकती है?



### वेट लॉस में मददगार

जल्दी सोने से शरीर में इंसुलिन और कोर्टिसोल जैसे हार्मोन बैलेंस रहते हैं, जो फैट बर्न करने में मददगार होते हैं।

देर रात तक जागने से भूख बढ़ाने वाले हार्मोन एक्टिव होते हैं और मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है। जब आप समय पर सोते हैं, तब आपका शरीर एनर्जी का सही इस्तेमाल करता है और फैट कम जमा करता है, जिससे वजन नेचुरली कम होता है।

### हार्मोनल बैलेंस में करता है मदद

हार्मोन रात में, खासकर आधी रात से पहले, खुद को रिसेट और रिपेयर करते हैं। सही तरीके नींद से एस्ट्रोजन, प्रोजेस्टेरोन, इंसुलिन और थायराइड जैसे हार्मोन का बैलेंस बिगड़ सकता है। यह मूड स्विंग्स, PCOS और थकान जैसी समस्याओं का कारण बन सकता है। जल्दी सोने से आपके हार्मोन प्रकृति की लय के साथ तालमेल में रहते हैं।

### कब्ज से राहत

आपका डाइजेस्टिव सिस्टकम आपके सोने -जागने के साइकिल को फॉलो करता है।

देर रात तक जागने और देर से उठने से बाउल मूवमेंट अनियमित हो सकता है। लेकिन, जो महिलाएं जल्दी सोती और उठती हैं, उनका पेट सुबह नेचुरली साफ हो जाता है। अच्छीस नींद डाइजेशन पर सही करती है और कब्जो को दूर करती है।


### भूख और क्रेविंग पर कंट्रोल

देर रात तक जागने से घ्रेलिन यानी भूख वाला हार्मोन बढ़ जाता है और लेप्टिन यानी पेट भरा होने का एहसास कराने वाला हार्मोन कम हो जाता है। यही कारण है कि आपको रात में ज्याऔदा भूख लगती है और कार्ब्स खाने का मन करता है। जल्दी सोने से इन हार्मोंस का बैलेंस बना रहता है, जिससे क्रेविंग कम होती है और आप इमोशनल ईटिंग से बचते हैं।

### त्वंचा दिखती है सुंदर

आपका शरीर नेचुरल बॉडी क्लॉुक के अनुसार गहरी नींद के दौरान त्वचा को रिपेयर और डिटॉक्स करता है।

देर तक जागने से डार्क सर्कल्सर, त्वनचा पर ड्राईनेस और एजिंग के साइंस आ जाते हैं। लेकिन, नींद जिसे 'ब्यूटी स्लीप' भी कहते हैं, वह आपकी त्वचा पर चमक लाती है।



फेफड़ों से संबंधित कई प्रकार की बीमारियों का जोखिम काफी बढ़ गया है

# फेफड़े रहेंगे स्वस्थ और मजबूत, दूर होंगी सांस की बीमारियां, जानिए इसका सबसे आसान उपाय

हमारे शरीर को स्वस्थ रहने के लिए निरंतर पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है और इसके लिए जरूरी है कि आपके फेफड़े बेहतर तरीके से काम करते रहें। हालांकि शोधकर्ता बताते हैं, लाइफस्टाइल, पर्यावरणीय और आहार से संबंधित समस्याओं के कारण पिछले एक दशक में फेफड़ों से संबंधित कई प्रकार की बीमारियों का जोखिम काफी बढ़ गया है। अध्ययनकर्ताओं ने पाया कि कोरोना महामारी के कारण भी इस अंग पर कई प्रकार से नकारात्मक असर देखा गया है, सभी लोगों को इसे स्वस्थ रखने के लिए निरंतर प्रयास करते रहने की आवश्यकता होती है।



### फेफड़ों को स्वस्थ रखेंगी कुछ सब्जियां


नेचर जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के अनुसार, आहार में कुछ प्रकार की सब्जियों को शामिल करके न सिर्फ फेफड़ों को स्वस्थ रखा जा सकता है, साथ ही पहले से ही मौजूद कई बीमारियों के जोखिमों को भी कम करने में इसके लाभ हो सकते हैं। लंदन के फ्रांसिस क्रिक इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने पता लगाया है कि क्रूसिफेरस फैमिली के साग और सब्जियों में कुछ यौगिक, उन प्रोटीन को बढ़ावा दे सकते हैं जो आंत और फेफड़ों को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी हैं।

### अध्ययन में क्या पता चला?

शोधकर्ताओं ने फ्लू वायरस से चूहों को संक्रमित करके इसका परीक्षण किया और पाया कि क्रूसिफेरस यौगिकों से भरपूर आहार लेने वालों के फेफड़ों को कम नुकसान हुआ। एएचआर ने फेफड़ों की रुकावट को लीक होने से रोकने में मदद की, जिससे फेफड़ों में संक्रमण का जोखिम कम हो गया। इंपीरियल कॉलेज में संक्रामक रोग विशेषज्ञ डॉ जॉन ट्रेगोनिंग कहते हैं, यह अध्ययन महत्वपूर्ण है क्योंकि हमें जानने को मिला है कि किस तरह से हम फेफड़ों की कोशिकाओं को वायरल संक्रमण के बाद होने वाली क्षति से बचा सकते हैं।

### क्रूसिफेरस फैमिली वाली सब्जियां काफी लाभकारी

शोधकर्ताओं ने बताया, जब हम इन पत्तेदार सब्जियों, पत्तागोभी या फूलगोभी और अन्य क्रूसिफेरस खाद्य पदार्थों का सेवन करते हैं, तो ये हमारे फेफड़ों की रक्त वाहिकाओं में पाए जाने वाले एरिल हाइड्रोकार्बन रिसेप्टर (एएचआर) नामक प्रोटीन को संकेत भेजते हैं। यह हमारे फेफड़ों में एक स्वस्थ वातावरण सुनिश्चित करता है, जो आंतरिक सिस्टम को स्वस्थ रखने के साथ बाहरी संक्रमण के जोखिमों से सुरक्षा देने में लाभकारी हो सकता है।



### क्या कहते हैं शोधकर्ता?

क्लीवलैंड क्लीनिक में क्रिटिकल केयर और पल्मोनरी मेडिसिन विशेषज्ञ, जोसेफ खब्बाजा कहते हैं, अध्ययन के निष्कर्षों में पल्मोनरी और फेफड़ों की बीमारियों को कम करने में सब्जियों की भूमिका के बारे में पता चलता है। वायुमार्ग में तरल पदार्थ का रिसाव होने से मरीजों को वेंटिलेटर पर रखना पड़ता है, हम इस तरह के जोखिमों को काफी हद तक कम कर सकते हैं।

खब्बाजा कहते हैं, जिन लोगों का आहार स्वस्थ नहीं है उनमें कई प्रकार की इंफ्लामेटरी बीमारियों का खतरा अधिक हो सकता है, इस अध्ययन से पता चलता है कि बीमार होने से पहले स्वस्थ रहना और बीमार पड़ने पर स्वस्थ व्यवहार करना महत्वपूर्ण है।

## सुबह उठने में हो जाए देर तो 10 मिनट में तैयार करें ये हेल्दी नाश्ता

वीकेंड के बाद जब सोमवार आता है तो हर किसी को ऑफिस जाने की जल्दी होती है। जो हाउस मेकर्स होती हैं, उन्हें इसलिए जल्दी होती है क्योंकि उन्हें बच्चों और बड़ों के लिए टिफिन तैयार करना होता है। कई महिलाएं तो घर और दफ्तर दोनों का काम संभालती हैं। ऐसे में अगर गलती से भी सुबह उठने में थोड़ा सा लेट हो जाए तो इसका सीधा असर नाश्ते पर पड़ता है। लेट उठने की वजह से लोग अक्सर नाश्ता करना स्किप कर देते हैं, जबकि सुबह का नाश्ता हमारे शरीर के लिए बेहद जरूरी होता है। सुबह का नाश्ता करने से पूरा दिन शरीर स्फूर्ति से भरा रहता है।



ऐसे में आज हम आपको एक ऐसे नाश्ते की डिश के बारे में बताने जा रहे हैं जिसे आप महज 10 मिनट में बना सकते हैं। दरअसल आज हम आपको चीला बनाना सिखाएंगे। ये चीला बेसन या सूजी का नहीं है बल्कि आटे का है। आटा आपको अच्छी मात्रा में प्रोटीन और फाइबर से भर देता है, वहीं सब्जियां आपके भोजन में आवश्यक खनिज और विटामिन जोड़ती हैं। ऐसे में आप सुबह फटाफट आटे का चीला बनाकर खा सकते हैं।

आटे का चीला बनाने के लिए आपको सबसे पहले एक कप आटा लेना है। इस आटे में नमक, हल्दी और दही दालकर अच्छे से मिलाएं। इसके बाद पानी डालकर इसका स्मूद बैटर तैयार कर लें।जब इसका बैटर तैयार हो जाए तो अजवायन, अदरक, हरी मिर्च और सभी सब्जियां इसमें डाल कर सही से मिला लें। इसके बाद तवे को गैस पर रखकर गर्म करें। जब तवा गर्म हो जाए तो इसपर हल्का सा तेल लगा दें ताकि तवा चिकना हो जाए।

## अगर आपके हाथ पर भी है मंगल रेखा तो आपको नहीं होगी धन की कमी

मंगल रेखा का भाग्य रेखा से संयोग बहुत ही शुभ माना जाता है। हनुमान जी को मंगल ग्रह के इष्ट देव का रूप माना जाता है। रामभक्त हनुमानजी ने अपनी भक्ति के बल पर वानर सेना के साथ सेतु बनाकर लंका पर विजय प्राप्त की थी।



हाथ की कुछ रेखाएं शुभ मानी जाती हैं तो कुछ अशुभ। हाथ की रेखाओं के माध्यम से ही व्यक्ति के भविष्य की जानकारी मिलती है। ऐसी ही महत्वपूर्ण रेखाएं हैं मंगल रेखा और भाग्य रेखा। मंगल रेखा जीवन रेखा के समानांतर होती है। वहीं मंगल रेखा का भाग्य रेखा से संयोग बहुत ही शुभ माना जाता है। हनुमान जी को मंगल ग्रह के इष्ट देव का रूप माना जाता है। रामभक्त हनुमानजी ने अपनी भक्ति के बल पर वानर सेना के साथ सेतु बनाकर लंका पर विजय प्राप्त की थी। हस्तरेखा विज्ञान के अनुसार यदि किसी व्यक्ति के हाथ में मंगल का चिन्ह यानि हनुमानजी का चिन्ह है तो शनि की साढ़े साती उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती है। आइए जानते हैं हाथ में मंगल रेखा किस प्रकार का फल देती है।

हस्तरेखा शास्त्र के अनुसार मंगल रेखा का हथेली में होना अच्छा माना जाता है। मंगल रेखा से कोई रेखा निकलकर भाग्य रेखा में मिले तो ऐसा जातक खूब लाभ पाता है। उसे जीवन में खूब पैसा और जमीन-जायदाद मिलती है।

यदि किसी व्यक्ति के हाथ में जीवन रेखा के साथ एक से अधिक मंगल रेखा हो अर्थात पहली बड़ी, दूसरी छोटी, तीसरी उससे छोटी हो तो उसे हनुमान रेखा या मंगल रेखा कहते हैं। यदि मंगल रेखा से निकलकर भाग्य रेखा में कोई रेखा मिल जाती है तो ऐसे व्यक्ति को बहुत धन और जमीन जायदाद की प्राप्ति होती है।



## शादी के बाद ऐसे करें काम का बटवारा, बचेगा खूब सारा टाइम

शादी के बाद एक दूसरे के लिए नहीं निकाल पा रहे हैं समय? प्यार भी हो रहा है कम? ऐसे में आप अपने पति के साथ जिम्मेदारियां बांट सकती हैं। यहां दिए गए कुछ तरीके आपके बेहद काम आ सकते हैं। शादी एक ऐसा फैसला है जो एक लड़का और लड़की के लिए बेहद ही महत्वपूर्ण होता है। ये बंधन न केवल दो लोगों को एक करता है बल्कि जिम्मेदारियां को भी बढ़ाता है। ऐसे में घर की जिम्मेदारियों के बीच में प्यार कहीं खो जाता है और हसबैंड एंड वाइफ अपने लिए समय नहीं निकाल पाते हैं। बता दें कि यदि शादी के बाद जिम्मेदारियां को एक दूसरे में बराबरी से बांटा जाए तो इससे न केवल एक दूसरे के लिए समय निकाल पाना आसान होगा बल्कि प्यार भी बढ़ेगा। ऐसे में यहां गिए गए कुछ तरीकों से आप शादी के बाद एक दूसरे में जिम्मेदारियां बांट सकते हैं। सेलिब्रिटी ज्योतिष, रिलेशन गुरु, मोटिवेशनल स्पीकर और लाइफ कोच एक्सपर्ट डॉ. संदीप कोचर बता रहे हैं इस बारे में।

### रसोई में लें पति की मदद

लोगों की ये सोच बन गई है कि घर के काम केवल पत्नियां ही करेंगी। पर ऐसा नहीं है। यदि आपको अपने पति की जरूरत है तो आप उनसे खुलकर कह सकती हैं। जैसे आप उनसे सब्जी कटवा सकती हैं या रसोई के अन्य कामों में भी उनका साथ मांग सकती हैं। इससे न केवल समय बचेगा बल्कि पति-पत्नि में प्यार भी बढ़ेगा।

### आर्थिक रूप से करें मदद

अगर आप वर्किंग वाइफ हैं तो आर्थिक रूप से भी आप अपने पति का साथ दे सकती हैं। जैसे कुछ खर्च आप खुद उठा सकती हैं और कुछ खर्च आप अपने पति को उठाने दें। ऐसा करने से न केवल पति की जिम्मेदारियां थोड़ी कम होंगी बल्कि आपके रिश्ते में प्यार भी बढ़ेगा और रिश्ता समझदारी से आगे बढ़ेगा।

### मार्केट जाएं साथ

यदि आपको मार्केट से कुछ खरीदारी करनी है या घर का कुछ सामान खरीदकर लाना है तो आप बाजार अपने पति के साथ मिलकर जा सकती हैं। जैसे घर के लिए ग्रोसरी आप दोनों मिलकर कर सकते हैं। इससे घर का काम जल्दी खत्म होगा और आप एक दूसरे के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिता पाएंगे।



### काम को थोपे ना

यहां बात केवल काम बांटने की हो रही है ना कि अपने पार्टनर से बराबरी की और आप जबरदस्ती भी अपने पार्टनर को काम न थोपें। जो काम आप दोनों खुशी से कर पाएं, वहीं करें। जबरदस्ती करने से रिश्तों में टकराव आ सकती है। इससे अलग यदि आपका पार्टनर प्रोफेशनल लाइफ में ज्यादा व्यस्त है तो ऐसे में आप बराबर काम न बांटकर केवल कुछ ऐसे काम, जो आसानी से हो जाएं, वो दे सकती हैं।




















## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'थॉर' के लिए पहले रिजेक्ट हो गए थे क्रिस , फिर ऐसे मिला रोल



हॉलीवुड के फेमस एक्टर क्रिस हेम्सवर्थ ने न सिर्फ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई, बल्कि भारत में भी अपनी भूमिका 'थॉर' के कारण एक लोकप्रिय नाम बन गए हैं। क्रिस की मां लेओनी अंग्रेजी की टीचर थीं और पिता क्रेग एक सामाजिक कार्यकर्ता। उनके दो भाई ल्यूक और लियाम भी अभिनय की दुनिया में सक्रिय हैं। हीथमॉन्ट कॉलेज में स्कूल की पढ़ाई के दौरान ही क्रिस की अभिनय में रुचि जागी, जिससे उनका रुझान इस क्षेत्र की ओर बढ़ा। उन्होंने अपने अभिनय करियर की शुरुआत ऑस्ट्रेलियाई टीवी शोज 'ग्विनेवीयर जोन्स' और 'नेबर्स' से की, जिसने उन्हें लोकप्रियता दिलाई। फिर 2004 में उन्हें 'होम एंड अवे' में 'किम हाइड' की भूमिका मिली, जिसे उन्होंने 2007 तक निभाया। इस दौरान उनका आत्मविश्वास बढ़ा और उन्होंने अमेरिका का रुख किया। 2009 में क्रिस ने स्टार ट्रेक फिल्म में 'जॉर्ज किर्क' की भूमिका से हॉलीवुड में अपनी शुरुआत की। पर असली पहचान उन्हें 2011 में तब मिली जब उन्होंने मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स में थॉर की भूमिका निभाई- यह फिल्म सफल रही और उन्हें वैश्विक स्तर पर शोहरत मिली। इसके बाद उन्होंने 'एवेंजर्स', 'थॉरः द डार्क वर्ल्ड', 'रश', 'एक्स्ट्रैक्शन', 'फ्यूरियोसाः ए मैड मैक्स सागा' जैसी कई फिल्में कीं, जिनसे उनकी लोकप्रियता और स्टारडम के शिखर पर पहुंचा दिया।

### टॉलीवुड

## महेश बाबू के फैंस को तोहफा! प्रियंका संग फिल्म की आई पहली झलक



सुपरस्टार महेश बाबू के जन्मदिन पर पिछले दिनों राजामौली और प्रियंका चोपड़ा के साथ उनकी नई फिल्म का फर्स्ट् लुक पोस्टर रिलीज किया गया है। इसी के साथ फिल्म के नाम को लेकर भी कयास लगने शुरू हो गए हैं। इस मेगा बजट फिल्म की खास बात ये है कि राजामौली ने पोस्टर शेयर करते हुए एक नया हैशटैग 'ग्लोडब ट्रॉटर' इस्तेथमाल किया है। इसके बाद से ही चर्चा होने लगी है कि कहीं फिल्मफ का टाइटल 'ग्लोफब ट्रॉटर' तो नहीं है। वैसे, जानकारी के लिए बता दें कि 'ग्लोडब ट्रॉटर' का मतलब ऐसे इंसान है, जो दुनिया घूमता है। हालांकि, अभी तक फिल्म के आधिकारिक टाइटल का ऐलान नहीं किया गया है। ऐसे में समझा ये भी जा रहा है कि संभवतः यह फिल्मत की थीम और प्लॉटट से जुड़ा एक प्रमोशनल हैशटैग भी हो सकता है। वैसे, राजामौली ने पहली बार फिल्म की रिलीज लेकिन दोनों ने फिल्म के आधिकारिक तौर पर पहली बार रिलीज को लेकर भी खुलासा किया है। यह फिल्म नवंबर 2025 में सिनेमाघरों में आएगी। महेश बाबू के जन्मदिन पर, एक्टएर और राजामौली, दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक जैसे पोस्ट शेयर किए, इसमें महेश की छाती का क्लोज-अप है। एक्ट र ने एक लो-कट बनियान पहन रखा है, जिसके एक हिस्से पर खून लगा हुआ है। उनके गले में भगवान शिव के त्रिशूल और उनके बैल नंदी की मूर्ति वाला एक पेंडेंट भी दिखाई दे रहा है। महेश बाबू ने इस फर्स्टे लुक को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'आप सभी के प्यार के लिए शुक्रिया... मैं भी, आप सभी की तरह, नवंबर 2025 का बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं ताकि आप सभी के साथ इसका आनंद उठा सकूं।

### भोजपुरी

## रितेश का नया भोजपुरी गाना 'रेलिया' रिलीज, डिंपल के साथ बनी दमदार जोड़ी



भोजपुरी सिंगर रितेश पांडे ने अपने अब तक के करियर में एक से बढ़कर म्यूजिक वीडियो इंडस्ट्री को दिए. रितेश ने कई भोजपुरी फिल्मों में भी काम किया है जो सफल रहीं। अब रितेश का नया भोजपुरी गाना 'रेलिया' रिलीज हुआ है, जिसमें वो एक्ट्रेस डिंपल सिंह के साथ नजर आए हैं। ये एक सैड सॉन्ग है, जिसमें पति और पत्नी की एक छोटी कहानी वीडियो के जरिए दिखाई गई है। इस गाने को यूट्यूब पर रितेश पांडे के फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। रितेश पांडे का नया गाना 'रेलिया' एक अच्छा भोजपुरी सॉन्ग है, जिसे यूट्यूब पर आप भी पसंद करेंगे। रितेश पांडे ने इससे पहले 'लंदन से लाएंगे' और 'हैलो कौन..हम बोल रहे' जैसे म्यूजिक वीडियो इंडस्ट्री को दिए हैं। इन गानों को यूट्यूब पर अच्छे-खासे व्यूज मिले और आज भी यूपी-बिहार के लोग इन गानों को पसंद करते हैं। प्रियांशु सिंह म्यूजिक नाम के इंस्टाग्राम पेज पर 'रेलिया' गाने का पोस्टर शेयर किया गया था। इसके कैप्शन में लिखा गया, 'जल्द आ रहा है सुपरस्टार रितेश पांडे की आवाज में सुपरहिट जोड़ी डिंपल सिंह के साथ ऑफिशियल यूट्यूब चैनल पर.' इस पोस्टर में रितेश पांडे और डिंपल सिंह नजर आ रहे हैं। इस गाने को निक्की निहाल ने लिखा है, जबकि इसके म्यूजिक डायरेक्टर प्रियांशु सिंह हैं। गाने को रितेश पांडे और डिंपल सिंह पर फिल्माया गया है जो पहले भी कई म्यूजिक एल्बम में नजर आ चुके हैं। इस म्यूजिक वीडियो को असलम खान ने डायरेक्ट किया है जबकि इसके प्रोड्यूसर गुड्डी कुमार सिंह हैं।

कल्चर का जोड़

लाइफ स्टाइल




सदियों पुरानी हमारी संस्कृति हमारे फैशन में अक्सर झलकती है। आज फैशन जिस रूप में है, उसने हमारे कल्चर को जोड़ रखा है। आज फैशन का मतलब सिर्फ़ सिला हुआ कपड़ा नहीं, बल्कि इसके हर धागे में संस्कृति बुनी हुई है। यही जादू है आदिवासी और स्वदेशी परिधानों का फ़ैशन की दुनिया में। इस वजह से आज दुनिया के ज्यादातर फैशन इंस्टीट्यूट आदिवासी और स्वदेशी परिधानों का अध्ययन करवाते हैं।

## बारिश में फेस जेल का इस्तेमाल करने से मिलते हैं फायदे

बारिश एक ऐसा मौसम होता है, जब हम सभी को स्किन से जुड़ी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस मौसम में जब नमी का स्तर बढ़ जाता है, तो स्किन भी ऑयली व चिपचिपी महसूस होने लगती है। इतना ही नहीं, स्किन पोर्स के क्लॉग होने के कारण ब्रेकआउट्स आदि की शिकायत भी हो सकती है। ऐसे में आपकी स्किन अतिरिक्त केयर मांगती है।

**स्किन नहीं होती चिपचिपी :** यह देखने में आता है कि जब मानसून के सीजन में क्रीम या लोशन आदि को स्किन पर अप्लाई किया जाता है तो इससे स्किन काफी चिपचिपी महसूस होती है। लेकिन फेस जेल के साथ ऐसा नहीं होता है। चूंकि ये वाटर बेस्ड फार्मूला होते हैं, इसलिए स्किन पर काफी लाइट होते हैं। इनकी मदद से स्किन का हाइड्रेशन लेवल तो बना रहता है, लेकिन वे आपकी स्किन को चिपचिपा या ग्रीसी नहीं बनाते हैं।



**देते हैं कूलिंग इफेक्ट :** मानसून के दौरान स्किन में इचिंग आदि की समस्या काफी बढ़ जाती है। खासतौर से, बारिश के पानी के कारण आपकी स्किन काफी इरिटेटिड महसूस करती है। ऐसे में भी फेस जेल (एलोवेरा जेल का इस्तेमाल) का इस्तेमाल करना काफी अच्छा माना जाता है। जब आप अपने फेस को क्लीन करने के बाद फेस जेल का इस्तेमाल करते हैं तो ये स्किन को कूलिंग इफेक्ट देते हैं। अधिकतर फेस जेल को एलोवेरा, खीरा या ग्रीन टी आदि को शामिल किया जाता है, जो आपकी स्किन को गर्मी और उमस से राहत प्रदान करते हैं।

### आसानी से हो जाते हैं अब्जॉर्ब

मानसून के दौरान पसीने और नमी के कारण स्किन को परेशानी का सामना करना पड़ता है। ऐसे में आपको ऐसे प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करने की जरूरत होती है, जो स्किन में जल्दी से अब्जॉर्ब हो जाएं। इस लिहाज से फेस जेल का इस्तेमाल करना काफी अच्छा रहता है। चूंकि यह जल्दी अब्जॉर्ब होते हैं, इसलिए आपको कई तरह की स्किन प्रॉब्लम्स का सामना नहीं करना पड़ता है।

### ऑयली स्किन के लिए फायदेमंद

मानसून के दौरान ऑयली स्किन की परेशानियां काफी बढ़ जाती हैं। ऐसे में अगर फेस जेल का इस्तेमाल किया जाता है तो इससे उन्हें काफी लाभ मिलता है। अधिकतर फेस जेल को तैयार बनाते समय उसमें सैलिसिलिक एसिड या विच हेजल इंग्रीडिएंट्स को शामिल किया जाता है, तो अतिरिक्त सीबम प्रोडक्शन को कम करने और पोर्स को क्लॉग होने से बचाने में मदद कर सकते हैं। इससे ह्यूमिडिटी के इस मौसम में भी आपको एक मैट फिनिश लुक मिलता है।

## ऑफिस फॉर्मल लुक के लिए ट्रेंडी फुल स्लीव्स सूट डिजाइन को करें स्टाइल

फैशन





ऑफिस के लिए ऐसे सूट पहने जिनमें आप कम्फर्टेबल रहें साथ ही फॉर्मल भी लगें। इसके लिए आपको इन डिजाइन को ट्राई करें।

जब भी हम कुर्ती या सूट खरीदते हैं तो सबसे पहले हम उनका डिजाइन देखते हैं। लेकिन जब ऑफिस में सूट पहनने के बारे में सोचते हैं तो कई सारे डिजाइन सर्च करते हैं ताकि जो भी पहनें वो फॉर्मल लेग। इसके लिए आप फुल स्लीव्स सूट डिजाइन को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आपको बहुत अच्छे ऑप्शन मिल जाएंगे। इसको पहनकर आप कम्फर्टेबल भी रहेगी साथ ही ऑफिस के लिए कुछ नया ट्राई कर पाएंगी।

**प्लेन सूट विद फुल स्लीव्स :** जब भी हम ऑफिस के लिए कपड़े सर्च करते हैं तो सबसे पहले प्लेन कपड़ों पर हमारी नजर जाती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इस तरीके के कपड़े ऑफिस में क्लासी लगते हैं। आप भी इसी तरीके के फुल स्लीव्स सूट को ट्राई कर सकती हैं। इसमें आप फ्रंट कट वाली स्लीव्स खरीद सकती हैं। इस तरीके से सूट डिजाइन काफी अच्छे लगते हैं साथ ही दिखने में भी क्लासी होते हैं। आपको भी इन्हें ऑफिस के लिए ट्राई करना चाहिए। मार्केट में इस तरीके के सूट आपको 200 से 400 की रेंज में मिल जाएंगे। इन सूट के साथ आप पर्ल या स्टोन इयररिंग्स और न्यूड मेकअप ट्राई कर सकती हैं।



**डबल प्रिंट फुल स्लीव्स सूट डिजाइनः** अगर आप प्रिंटेड सूट स्टाइल करना पसंद करती हैं तो ऐसे में आप इस तरीके के सूट को फुल स्लीव्स (स्लीम दिखने के लिए सूट डिजाइन) में खरीद सकती हैं। इसमें आपको डबल प्रिंट वाली स्लीव्स मिलेंगी। इस तरीके के फुल स्लीव्स सूट भी ऑफिस में काफी अच्छे होते हैं। इसमें आप अलग-अलग तरह के डिजाइन, कलर और पैटर्न खरीद सकती हैं। मार्केट में ये आपको कॉटन फैब्रिक में 500 से 600 की रेंज में मिल जाएंगे। इस तरीके के सूट डिजाइन के साथ आप ऑक्सीडाइज्ड ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं।

**चूड़ीदार फुल स्लीव्स सूट :** कई सारे सूट में सिंपल स्लीव्स आती हैं लेकिन अगर आप ऑफिस के लिए फुल स्लीव्स सूट डिजाइन सर्च कर रही हैं तो इसके लिए आप चूड़ीदार स्लीव्स को ट्राई कर सकती हैं। इस तरीके की स्लीव्स में भी कई सारे सूट (सिंपल सूट डिजाइन) ऑप्शन आपको मिल जाएंगे। इनकी खास बात ये होती है कि इससे आपके हाथों में टैनिंग नहीं होती है इस तरीके के सूट को भी आप ऑफिस में वियर कर सकती हैं।

## बालों को बढ़ाने के लिए करें भीगे हुए बादाम का इस्तेमाल

बादाम के तेल का इस्तेमाल अक्सर हम चंपी करने के लिए करते हैं। लेकिन इस बार इसका इस्तेमाल यहां बताए गए तरीके से करें। इससे बाल कम समय में लंबे हो जाएंगे।

आपने अपने घर में बड़े-बुजुर्गों को ये कहते हुए तो सुना ही होगा कि रोजाना बादाम खाने से दिमाग तेज होता है और सेहत अच्छी बनी रहती है। ये हेल्थ के लिए काफी लाभकारी होते हैं। इसी के साथ-साथ ये बालों के लिए काफी अच्छे होते हैं। अक्सर आप इसका इस्तेमाल तेल के रूप में करते हैं लेकिन इस बार इसे भिगोकर अपने बालों में लगाएं। इससे आपके बाल तेजी से बढ़ेंगे, साथ ही घने और हेल्दी नजर आएंगे। इसके लिए बस आपको इन तरीकों को ट्राई करना होगा।

**भीगे हुए बादाम का करें बालों में इस्तेमाल :** लोगों को रोज सुबह अपनी डाइट में भीगे हुए बादाम खाना पसंद होता है ये इसलिए क्योंकि ये शरीर को एनर्जी देता है। लेकिन आप इसका इस्तेमाल भिगोकर भी कर सकती हैं।



### बादाम का हेयर पैक बनाने का तरीका

इसके लिए 6-7 बादाम रात में भिगोकर रख लें। अगली सुबह उठकर इन्हें पीसे। फिर इसमें अंडा फेटकर डालें। इसके बाद इस मिश्रण को हेयर ब्रश या फिर हाथों की मदद से स्कैल्प पर लगाएं। इस पैक को 1 घंटे के लिए बालों में लगा रहने दें। कुछ ही महीनों में आपको बाल लंबे नजर आने लगेंगे। बालों की शाइनी के लिए भी आप भीगे हुए बादाम का इस्तेमाल कर सकती हैं।

### बालों को नेचुरली करता है कंडीशनर

अगर आप अपने बालों को नेचुरल कंडीशनर करना चाहते हैं तो बादाम का इस्तेमाल (बालों के लिए फायदेमंद है बादाम) कर सकती हैं। इसके लिए आप बादाम को दूध के साथ इस्तेमाल करें और घर पर ही कंडीशनर तैयार करके इसका इस्तेमाल करें इससे भी आपके बाल सिल्की और शाइनी हो जाएंगे।

## सॉफ्ट स्किन पाने के लिए इस तरह करें एलोवेरा जेल का इस्तेमाल

त्वचा पर एलोवेरा जेल लगाने से झुर्रियों से लेकर डार्क स्पॉट्स तक की समस्या कम होती है। आप एलोवेरा जेल को अपने स्किन केयर रूटीन में कई तरीकों से शामिल कर सकती हैं।

त्वचा की देखभाल करना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए हमें पता होना चाहिए कि स्किन टाइप कैसा है। हम सभी की स्किन टाइप अलग-अलग होती है। ड्राई स्किन के कारण खुजली की समस्या हो जाती है। खुजली होने पर त्वता लाल पड़ने लगती है।

इसलिए ड्राई स्किन को सॉफ्ट रखना चाहिए। इसके लिए आपको किसी क्रीम या मॉइश्चराइजर की जरूरत नहीं है। आप त्वचा पर एलोवेरा जेल का उपयोग कर सकती हैं। चलिए जानते हैं ड्राई स्किन के लिए एलोवेरा जेल का उपाय से लेकर इसके अन्य फायदों के बारे में।



**ड्राई स्किन के कारण :** त्वचा को गर्म पानी से साफ करने की वजह से स्किन ड्राई हो जाती है। गर्म पानी स्किन का मॉइश्चर छिन लेती है, जिसके कारण त्वचा रूखी और फ्लैकी होने लगती है। इसलिए गर्म के बजाय ठंडे पानी से चेहरा धोएं।

डेड स्किन सेल्स को रिमूव करना जरूरी होता है। इसके लिए त्वचा को स्क्रब किया जाता है। त्वचा को जरूरत से ज्यादा स्क्रब करने से भी त्वचा रूखी हो जाती है। इसलिए स्किन टाइप और जरूरत अनुसार ही स्क्रब करें।


स्किन का पीएच लेवल बैलेंस बिगड़ने के कारण त्वचा रूखी हो जाती है। इसलिए त्वचा पर हार्श साबुन का उपयोग नहीं करना चाहिए। ठंड और लो-ह्यूमिडिटी के कारण भी स्किन रूखी होने लगती है। त्वचा पर मॉइश्चराइजर का उपयोग न करने की वजह से भी स्किन ड्राई हो जाती है। इसलिए त्वचा पर जेल बेस्ड चीजों का इस्तेमाल करें। कैसे करें सॉफ्ट स्किन के लिए एलोवेरा जेल का इस्तेमाल

कार्नर न्यूज

### महिला-पुरुष दोनों फैशन में त्वचा में कसाव के लिए मौजूद है घरेलू उपाय

## त्वचा में कसाव लाने के लिए महंगे साधन छोड़ अपनाएं घरेलू उपाय, दिखेंगे हमेशा जवां

त्वचा की देखभाल करने के लिए आपको नेचुरल चीजों का इस्तेमाल करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि इन चीजों में किसी भी तरह का केमिकल नहीं होता है। हम सभी जानते हैं महिला-पुरुष दोनों फैशन में त्वचा की देखभाल करना बेहद जरूरी होती है। हालांकि एक उम्र के बाद त्वचा में कई तरीके के बदलाव नजर आने लगते हैं, लेकिन अगर हम समय रहते सही तरीके से त्वचा का ख्याल रखेंगे तो आपकी त्वचा लम्बे समय तक जवां और खूबसूरत नजर आएगी। वहीं जवां नजर आने के लिए त्वचा में कसाव का बररार होना बेहद जरूरी होता है। इसके लिए आप घर में मौजूद चीजों की मदद ले सकते हैं। वहीं ब्यूटी एक्सपर्ट रेनू महेश्वरी ने भी इसपर कई जानकारी दी है।



### कॉफ़ी को चेहरे पर लगाने के फायदे

कॉफी पाउडर स्किन को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है। साथ ही कॉफी पाउडर धूप से होने वाले स्किन डैमेज से भी बचाता है।कॉफी का इस्तेमाल स्किन की गंदगी को खत्म करने के लिए भी किया जाता है।

### चेहरे पर बादाम लगाने के फायदे

बादाम में मौजूद तत्व त्वचा को हाइड्रेट करने में मदद करते हैं। इसमें प्रोटीन और फैटी एसिड मौजूद होता है, जो त्वचा को पोषण देने में मदद करता है। स्किन को सॉफ्ट और जवां रखने के लिए बादाम बेहद फायदेमंद होता है।

### त्वचा में कसाव लाने के लिए शहद के फायदे

शहद आपकी त्वचा में इलास्टिसिटी बरकरार रखने में मदद करती है। इसमें मौजूद एंटीऑक्सीडेंट्स तत्व आपके चेहरे पर रिंकल्स और फाइन लाइंस को होने से रोककर रखने में मदद करता है। एक स्टडी के मुताबिक त्वचा को नैचुरली एक्सफोलिएट करने के लिए बेहद फायदेमंद होता है, जिससे आपके चेहरे के पोर्स क्लीन होते हैं और चेहरा निखरा हुआ नजर आता है।



### त्वचा में कसाव लाने के लिए यह घरेलू उपाय

त्वचा में कसाव बरकरार रखने के लिए सबसे पहले आप करीब 8 से 10 बादाम को रात भर पानी में भिगोकर रख दें। अगली सुबह एक बाउल में भिगोये हुए बादाम को पीसकर डालें। पीसने के लिए आप मिक्सर का इस्तेमाल करें। इसके बाद आप करीब आधा चम्मच से थोड़ा कम कॉफ़ी पाउडर और 2 चम्मच शहद की डालें। इन सभी चीजों को अच्छी तरह से मिलाने के बाद आप चेहरे को साफ करके लगा लें। इसे लगाने के लिए आप ब्रश की सहायता ले सकती हैं। करीब 20 मिनट तक इस पैक को चेहरे पर लगा रहने दें। पानी और कॉटन की मदद लेकर चेहरे को साफ कर लें। इस नुस्खे का इस्तेमाल आप हफ्ते में 2 बार तक कर सकती हैं। कुछ ही दिनों में आपको चेहरे की त्वचा में बदलाव नजर आने लग जाएगा।-